आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 6, अंक 209, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14
कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

### ट्रंप को दी जानकारी- पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

### संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून ने किया प्रवेश, भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।



### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# पुलिया से टकरा आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।



- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में चल रहा इलाज

# आम से भरा वाहन डिवाइडर से टकराकर पलटा, 4 की मौत

आगरा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर

आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।

अधिकारी ने बताया कि फिरोजाबाद से आम लेकर जा रहा लोडर वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।



# मतदाताओं को अब 15 दिनों के भीतर मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

इस कवायद में मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है।

# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग पास

## निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से वार्षिक पास करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।



### एनएच व राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं।

### लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर

गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।



## पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचारः** एसपी के आदेश पर पुलिस ने विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटकर घर से निकालने के आरोप में पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर के मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी राजीव शर्मा की पुत्री वंशिका शर्मा उर्फ रीशु ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 अप्रैल 2023 को जनपद अमरोहा के कस्बा गजरौला के मोहल्ला नई बस्ती निवासी बृजेश कुमार शर्मा के पुत्र ऋषभ शर्मा उर्फ शिवम से हुई थी। शादी में पिता ने जमीन बेचकर व फंड निकालकर, उधार लेकर 22 लाख रुपये खर्च किए थे।

आरोप है कि इसके बाद भी ससुराल वाले सत्रह लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित किया जा रहा था। वह मानसिक रुप से बीमार रहने लगी। चार अप्रैल को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही थी। पुलिस ने मामले में ससुर बृजेश कुमार शर्मा, सास गीता देवी, ननद शिक्षा शर्मा, बिलसंडा थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर दस निवासी चंद्रशेखर शर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

# पीलीभीत के हल्दी उत्पादन को लगेंगे पंख प्रोसेसिंग से लेकर ब्रांडिंग को मिलेगी मदद

## यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ एमओयू किया साइन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक भी अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड की झोली खोलने जा रहा है। बैंक अपने इस फंड के जरिए जंगल से सटे इलाकों के आबादी की आजीविका बढ़ाने में मदद करने के साथ वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा संबंधी जरुरतों को पूरा करने में सहयोग देगा। इसको लेकर बुधवार को बैंक ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ एमओयू भी साइन किया है।

तराई की तलहटी में 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले पीलीभीत टाइगर रिजर्व को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया था। संरक्षित वन क्षेत्र का दर्जा मिलने के बाद यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की संख्या में संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि उस दौरान आनन फानन में इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा तो दे दिया गया, मगर जिम्मेदार जरूरी संसाधन मुहैया कराना ही भूल गए। नतीजा यह हुआ कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगीं। ऐसे में एमथ्रीएम फाउंडेशन नाम की एक संस्था ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की मदद करने का बीड़ा उठाया। पिछले साल एम थ्री एम फाउंडेशन ने टाइगर रिजर्व के साथ समझौता किया था, जिसके बाद से संस्था की ओर से वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा से जुड़े संसाधन मुहैय्या कराए जा रहे हैं। इससे टाइगर रिजर्व प्रशासन को काफी हद तक सहूलियत भी मिलती नजर आ रही है।


पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को एमओयू दस्तावेज सौंपतीं अर्चना गोयल।

इधर यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पीलीभीत टाइगर की मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं। बैंक अपने सीआरएस से टाइगर रिजर्व समेत इससे सटे इलाके में रहने वाले ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने में उनकी मदद करेगा। बुधवार को यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के बैंकिंग ऑपरेशन डायरेक्टर सुजॉय भावल एवं सीएसआर हेड व कंपनी सेक्रेटरी अर्चना गोयल ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर एक एमओयू साइन किया है। कंपनी सेक्रेटरी ने बताया कि अभी तक पेंच टाइगर रिजर्व और कान्हा टाइगर रिजर्व के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। अब पीलीभीत टाइगर रिजर्व और आसपास क्षेत्र कम्यूनिटी डेवलपमेंट आदि का कार्य किया जाएगा।

### सेल्हा के घर होंगे रोशन, हल्दी उत्पादकों को भी मिलेगा बढ़ावा

यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक दो वर्षीय करार के पहले चरण में पीटीआर से सटे से गांव सेल्हा के घरों को रोशन करेगा। बता दें कि इस गांव में अभी तक बिजली नहीं थी। इस गांव में सोलर पावर प्लांट के जरिए बिजली मुहैया कराई जाएगी। करीब 25 घरों को यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके अलावा संस्था जंगल से सटे इलाकों में हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों की मदद करेगी। संस्था हल्दी की प्रोसेसिंग से लेकर उसकी ब्रांडिंग तक के कार्य में मदद करेगी, ताकि उनकी आजीविका को बढ़ाया जा सके और जंगल पर भी निर्भरता कम हो सके। कम्यूनिटी डेवलपमेंट के साथ-साथ पीटीआर की सुरक्षा चौकियों पर सोलर लाइट, सोलर पंखे और गैस सिलेंडर मुहैया कराए जाएंगे। पीटीआर के डिप्टी डायेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत संस्था द्वारा पीटीआर समेत आसपास मौजूद समुदायों के विकास पर जोर दिया जाएगा।

## एसडीएम के पास फरियाद लेकर आई महिला तहसील में हुई बेहोश, हड़कंप

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** एसडीएम के पास फरियाद लेकर पहुंची महिला अचानक परिसर में बेहोश होकर गिर गई। पुलिस ने उसे सीएचसी भर्ती कराया। तबीयत में सुधार होने पर महिला घर लौट गई।

बलरामपुर चौकी क्षेत्र के गांव भगौतीपुर में श्रीठाकुर जी महाराज का मंदिर है। मंदिर परिसर में हर साल मेले का आयोजन किया जाता है। गुलड़िया भूप सिंह के अमित सिंह ने बताया कि मंदिर उनके पूर्वजों का बनवाया हुआ है। पिछले कई सालों से वह और उनके परिजन ही मंदिर में पूजा-पाठ और देखरेख कर रहे हैं। कुछ लोग मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। इसको लेकर कई वाद कोर्ट में चल रहे हैं। उनकी पत्नी माला देवी मंदिर पर लगने वाले मेले की अनुमति के संबंध में लेकर पिछले दो माह से तहसील के चक्कर लगा रही हैं। बुधवार को माला देवी इसी के चलते एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से मिलने पहुंची।


तहसील में अचेत होकर गिरी महिला की जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

एसडीएम से बात करने के बाद बाहर निकलते ही माला देवी अचानक गिरकर बेहोश हो गईं। इसके बाद हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने महिला को कुर्सी पर बिठाया। कुर्सी पर बैठते ही महिला दोबारा जमीन पर गिर गई। हालत बिगड़ने पर महिला को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाल सतेंद्र कुमार सीएचसी पहुंचे और महिला का हाल जाना। हालांकि स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद वह घर चली गई।

### जेसीबी बेचने के नाम पर 2.75 लाख की ठगी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने कस्बा निवासी शाहबाज की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें बताया कि उसने एक जेसीबी हल्द्वानी उत्तराखंड के देवाल चवौर खीमा क्षेत्र के रहने वाले सुरेन्द्र नेगी और उसकी पत्नी चन्द्रा देवी से 10 .50 लाख में खरीदने का सौदा तय किया था। 25 हजार रुपये बयाना दे दिया था। इसके बाद ढाई लाख और ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। मगर, आरोपियों ने बाद में जेसीबी नहीं दी। रुपये मांगने पर धमकाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भक्तों ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**मझोला, अमृत विचार :** ग्राम भिंडारा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में मंगलवार रात कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भक्त जमा हुए और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर संयोजक अजय शर्मा, रविन्द्र, सूर्यप्रकाश, अजय निराला, अमन शर्मा, दिलीप आदि मौजूद रहे।

# 15 आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों का होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 11.84 लाख की लागत से बनाया जाएगा एक आंगनबाड़ी भवन
- ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्माण की दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित जिले के 15 आंगनबाड़ी केंद्रों को जल्द अपना भवन मिलने की उम्मीद है। करीब 1.60 करोड़ रुपये की लागत से इन भवनों का निर्माण कराया जाएगा। विभाग की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इनका निर्माण शुरू कराया जाएगा।

जनपद में छह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं को बाल विकास पुष्टाहार विभाग की योजनाओं का लाभ देने के लिए 1960 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर एक कार्यकत्री और एक सहायिका की तैनाती है। तीन से छह साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क शिक्षा देने का भी प्रावधान है। इनमें 518 आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालयों के भवनों और 11 पंचायत भवन में चल रहे हैं। इसके अलावा 967 आंगनबाड़ी केंद्र खुद के भवन में और 139 किराये के कमरे में संचालित हो रहे हैं। पूर्व में विभाग द्वारा 15 केंद्रों को अपना खुद का भवन देने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया। विभाग की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है, जिस पर करीब 1.60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एक भवन 11.84 लाख की लागत से बनाया जाएगा। इसमें 7.84 लाख रुपये मनरेगा, दो लाख रुपये पंचायती राज विभाग और दो लाख रुपये बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग खर्च करेगा। शासकीय स्वीकृति मिलने के बाद बाल विकास विभाग ने अपने हिस्से के 30 लाख रुपये भी रिलीज कर दिए हैं। 15वें वित्त और मनरेगा अंश मिलने के बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। एक भवन पर करीब 11.84 लाख रुपये खर्च होंगे। जल्द ही इनका निर्माण शुरू कराया जाएगा।

> शासन की ओर से 15 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है। विभाग ने अपने हिस्से का 30 लाख रुपये का बजट भी जारी कर दिया है। जल्द ही नए भवनों का निर्माण शुरू कराया जाएगा। - **युगल किशोर सांगुड़ी,** जिला कार्यक्रम अधिकारी

**यहां होगा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण**

| ब्लॉक | ग्राम पंचायत | आंगनबाड़ी केंद्र का नाम |
|---|---|---|
| बरखेड़ा | भैसहा ग्वालपुर | भैसहा ग्वालपुर एक |
| बरखेड़ा | भैसहा ग्वालपुर | भैसहा ग्वालपुर द्वितीय |
| बीसलपुर | करनपुर लायक | करनपुर लायक |
| बीसलपुर | आदिलाबाद | आदिलाबाद |
| बीसलपुर | अहिरपुर नगला | अहिरपुर नगला |
| बीसलपुर | खानपुर वीरमपुर | खानपुर वीरमपुर |
| बिलसंडा | नौगवा संतोष | नौगवा संतोष |
| बिलसंडा | अंडहा | इमलिया गंगी |
| मरौरी | बस्थना | बस्थना |
| मरौरी | गौहर | उलैहतापुर |
| मरौरी | न्यूरिया हुसैनपुर द. सहराई | राजा कॉलोनी |
| मरौरी | न्यूरिया हुसैनपुर उ. मुस्तकिल | न्यूरिया हुसैनपुर उ. मुस्तकिल |
| मरौरी | पिपिरया भजा | घियोना |
| पूरनपुर | नौजल्हा नकटा | नौजल्हा नकटा-2 |
| पूरनपुर | सुल्तानपुर | सुल्तानपुर |

## एडी हेल्थ ने सीएमओ से तीन दिन में मांगी आख्या

**पूरनपुर, अमृत विचारः** नगर में अवैध क्लीनिक और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शिकायत एडी हैल्थ से की गई। शिकायतकर्ता विभागीय कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हुआ। इस पर एडी हेल्थ ने विशेष टीम गठित कर अवैध प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। सीएमओ से तीन दिन में आख्या मांगी है।

कस्बे के मोहल्ला साहूकारा के रहने वाले रवि यादव पुत्र झम्मन लाल ने आईजीआरएस के माध्यम से कस्बे में अवैध क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन की शिकायत की गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने इसमें खानापूर्ति कर सिर्फ औपचारिकता निभाई। इससे शिकायतकर्ता रवि यादव संतुष्ट नहीं हुए। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक कार्यालय से मांगे गए फीडबैक में शिकायतकर्ता ने असंतोष प्रकट किया। इस पर एडी हेल्थ ने सीएमओ को पत्र इस संबंध में तीन दिन के भीतर आख्या देने को निर्देशित किया है।

# नगर पालिका की छापामारी, 30 किलो पॉलिथीन की जब्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगरपालिका की टीम ने सख्ती दिखाते हुए प्रतिबंधित पॉलिथीन की अवैध बिक्री पर कार्रवाई की। कार्यालय के सामने ही छापेमारी कर 30 किलो पॉलिथीन जब्त की गई। पर्यावरण नियमों की अनदेखी करने पर संबंधित सेल्समैन पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी डाला गया। इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मचा रहा। टीम ने पॉलिथीन के बारे में विस्तार से जानकारी जुटाई। जिसमें कुछ तथ्य भी सामने आए हैं। अब उस पर कार्रवाई की तैयारी है।


पकड़ी गई पॉलिथीन और सेल्समैन के साथ नगरपालिका की टीम। ● अमृत विचार

- नगरपालिका कार्यालय के सामने बिक रही थी पॉलिथीन
- नगरपालिका ने दस हजार रुपये का डाला जुर्माना

नगरपालिका कार्यालय के सामने एक दुकान के बाहर सेल्समैन बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन लेकर बिक्री कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सफाई निरीक्षक साबिर अली, सत्येंद्र कुमार, तारिक हसन खां समेत अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और सेल्समैन को पकड़ लिया। उसके पास करीब 30 किलो से अधिक प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद की गई। टीम की पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुमित कुमार बताया, जोकि सिविल लाइन साउथ का रहने वाला था। उसने बताया कि वह शहर के गल्ला मंडी स्थित एक थोक विक्रेता से पॉलिथीन लेकर आता है। टीम ने माल को जब्त करने के बाद उसका 10 हजार रुपये का चालान काटा। मौके पर युवक के पास एक हजार रुपये मिलने पर उसका नकद में चालान किया। शेष नौ हजार के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। सफाई निरीक्षक साबिर अली ने बताया कि पॉलिथीन प्रतिबंधित होने के बाद भी धड़ल्ले से बिक्री की जा रही थी। सूचना मिलने पर एक सेल्समैन को पकड़ा गया था। बरामद पॉलिथीन को जब्त करते हुए 10 हजार रुपये का चालान किया गया है। अब अन्य दुकानों पर छापेमारी की जाएगी। जहां लोगों ने पॉलिथीन का स्टॉक किया है।

## साहब, नियम विरुद्ध तरीके से भर्ती की तैयारी, इसे रोकें

- वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज की अंशकालिक शिक्षिकाओं ने की शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज की अंशकालिक शिक्षिकाओं ने डीएम से शिकायत की है। जिसमें नियम विरुद्ध तरीके से नई शिक्षिकाओं की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कराने का आरोप लगाया है। डीएम को दिए शिकायत पत्र में बताया कि वह वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में लंबे अरसे से अंशकालिक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। हमेशा की तरह वर्तमान शैक्षणिक सत्र के मध्य में नियम विरोध तरीके से कुछ विषयों के लिए अंशकालिक शिक्षिकाओं की भर्ती के लिए विज्ञप्ति का प्रकाश किया गया है, जबकि शैक्षणिक सत्र 2025-236 माह अप्रैल 2025 शुरू हो चुका है। नए सत्र में शिक्षण कार्य सभी कर रहे हैं। बीच में अब दुर्भावनावश कुछ अंशकालिक शिक्षिकाओं को निकालने की मंशा से भर्ती की विज्ञप्ति का प्रकाशन किया गया है। आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य ने गुटबाजी का माहौल बना दिया है। इस भर्ती प्रक्रिया को रोकने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में नेहा मिश्रा, राशि प्रिया पाठक, निशी अवस्थी, सुनीता त्रिपाठी, साधना गुप्ता आदि शिक्षिकाएं रहीं।

## पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन


सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अखिल भारत हिंदू महासभा नाम से दो संगठनों के संचालित होने का मामला बीते दिनों चर्चा में रहा था। जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा ने अरविंद सिंह यादव द्वारा खुद को प्रदेश महामंत्री बताते हुए चलाए जा रहे इसी नाम के संगठन को फर्जी बताते हुए शिकायत डीएम-एसपी से की थी, जिसकी जांच चल रही है। इधर, अरविंद सिंह यादव पक्ष ने बुधवार को डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। इसमें संगठन के लोगों पर धमकाने का आरोप लगाया है। खुद पर लगाए गए फर्जी संगठन चलाने के आरोप को भी निराधार बताया।

इस मौके पर मुकुल पाल, श्रीपाल वर्मा, सुरेश कुमार, यश कुमार, उज्ज्वल, हरिओम, वरुण कुमार, शीतल रावत, अनीता, राधिका वर्मा, दीपक, रवि आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)





## शहर में आज

- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी में चल रहे शिविर का समापन सुबह 6 बजे।
- जिला क्षय रोग अस्पताल की ओर से 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान सुबह 10 बजे से।
- बिलसंडा में सैयद दादा मियां के उर्स में मुशायरा शाम 7 बजे।

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक फिसली, दो घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवदिया सितारगंज निवासी सुखलाल का पुत्र अनिल कुमार और गौरव कुमार बुधवार को बाइक से बीसलपुर आए थे। काम निपटाकर वापस घर जा रहे थे। महेंद्र नगर कॉलोनी के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे वाहन को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### डंडे से वार करके दंपती को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** पड़ोसी के गेट के सामने बंदर ने कूड़ा बिखेर दिया। इसी को लेकर हुई कहासुनी के बाद दंपती की पिटाई कर दी गई। ग्राम अमरा करोड़ के गेंदन लाल ने बताया कि बुधवार को वह अपने घर पर बैठे थे। उनके घर पर कूड़ा भरी थैली रखी थी। उसे बंदर उठाकर ले गया और पड़ोसी के दरवाजे के बाहर डाल दी। इसी से नाराज होकर पड़ोसी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर सुनकर जब पत्नी नन्ही देवी बीच बचाव कराने पहुंची तो उनको भी पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नकदी मोबाइल रखा बैग ले गया किशोर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया जाफरपुर निवासी नरेश चंद्र पुत्र खुशहाली राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 जून की सुबह नौ बजे वह जिला सहकारी बैंक जहानाबाद शाखा से 37 हजार रुपये निकाल कर घर जा रहे थे। बैग में पहले से 15 हजार रुपये मोबाइल, पासबुक और चेक बुक थी। साइकिल में बैग टांग दिया था। खमरिया पुल स्थित अपनी दुकान पर साइकिल खड़ी कर दी। इस दौरान एक किशोर आया और बैग लेकर भाग गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाइक टकराने से युवक घायल, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी ज्ञान राठौर ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 जून को रात 10 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। टनकपुर रोड पर एचडीएफसी रोड के सामने बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गए।

# आखिरकार नगरपालिका ने लिया सपा कार्यालय पर कब्जा

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुधवार सुबह शुरू हुई कवायद, विरोध पर पार्टी जिलाध्यक्ष समेत कई हिरासत में लिए गए, बाद में छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** आखिरकार नगर पालिका ने अपने ईओ आवास पर कब्जा ले ही लिया। भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस-प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों ने न तो ताले तोड़े न ही सामान निकलवाया। उसी भवन पर अपना ताला जड़कर कब्जा ले लिया। चंद मिनट में ही रंगाई-पुताई कराकर ईओ आवास के फ्लैक्स चस्पा करा दिए गए। विरोध में जिला अध्यक्ष की अगुवाई में जमा हुए सपाइयों से अधिकारियों की नोकझोंक हुई, लेकिन भारी पुलिस बल के आगे ज्यादा देर नहीं चल सकी। सभी को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया गया। इधर, नगरपालिका ने ईओ आवास पर कब्जा ले लिया। इस कार्रवाई के दौरान नकटादाना चौराहा पर हड़कंप मचा रहा। दिनभर पुलिस बल की तैनाती के बीच रंग-रोगन कार्य चलता रहा।

नकटादाना चौराहा पर स्थित ईओ आवास में संचालित सपा कार्यालय को खाली कराने के लिए एक दिन पहले ही अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार की ओर से नोटिस चस्पा करा दिया गया था। इसमें बुधवार 18 जून की सुबह कब्जा लेने की बात कह दी गई थी। इसी क्रम में सुबह से ही भारी पुलिस बल कई थानों की पुलिस सपा कार्यालय के बाहर मुस्तैद कर दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, ईओ संजीव कुमार मौके पर पहुंच गए। भवन पर सपाइयों का ताला डाला हुआ था। समाजवादी पार्टी के नेता कहीं दिखाई नहीं दे रहे थे।

सुरक्षा इंतजाम के बीच सबसे पहले परिसर में लगे सपा के झंडे हटवाए गए। इसके बाद रंगाई-पुताई करा दी गई। भवन के बाहर की तरफ जहां-जहां सपा से जुड़ा कुछ भी लिखाई थी, उसके ऊपर पेंट कराकर ईओ आवास लिखवा दिया गया। कई बैनर भी लटका दिए गए। नगरपालिका की टीम ने पहले ताले खोलने का प्रयास किया, लेकिन जब नहीं खुले तो उसके ऊपर से ही अपना नया ताला जड़ दिया। सुबह करीब 10 बजे के बाद सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, मखदूम खां, इम्तियाज अल्वी, महिला मोर्चा की आशा वर्मा, पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार समेत करीब 20 कार्यकर्ता केजीएन कॉलोनी से निकलकर नकटादाना चौराहा की तरफ बढ़े। पुलिस प्रशासन ने सभी को चौराहा के दूसरी तरफ ही रोक लिया। नोकझोंक के बाद सपा नेता धरने पर सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी की। सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ से सपा जिलाध्यक्ष की तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि पुलिस बल अधिक होने और अधिकारियों की संख्ती के आगे ज्यादा देकर तक चल नहीं सकी। धक्कामुक्की शुरू हुई और फिर जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी -कार्यकर्ताओं को दो पुलिस वैन में बैठाकर पुलिस लाइन भिजवा दिया गया। वहां पर करीब तीन घंटे तक रोककर रखा गया और सभी के नाम पते नोट किए गए। इधर, टीमें लगी हुई थी, जिन्होंने भवन को सपा कार्यालय से ईओ आवास में परिवर्तित कर दिया। दिनभर पुलिस बल की तैनाती रही। बताते हैं कि करीब 200 सिपाही कई थानों की फोर्स के साथ अफसर मुस्तैद थे। नकटादाना चौराहा छावनी भी तब्दील हो गया था। दमकल की गाड़ी भी मौके पर खड़ी करा दी गई थी। सपा कार्यकर्ता भवन तक न पहुंचे, इसके लिए मोटी रस्सी भी बांध दी गई थी।


समाजवादी पार्टी के बाहर मुस्तैद पुलिस बल। ● अमृत विचार


हिरासत में लिए जाने के बाद नारेबाजी करते जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी व राजकुमार राजू।


सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा और सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के बीच नोकझोंक।


ईओ आवास पर लिखे सपा कार्यालय के ऊपर पेंट करते कर्मचारी।

- चंद मिनट में बदला स्वरुप, रंगाई-पुताई के बाद भवन पर चस्पा किए गए ईओ आवास के पोस्टर

### जलकल प्रभारी भी निकले अवैध कब्जेदार हटवाया गया कब्जा

जिस भवन में सपा कार्यालय संचालित हो रहा था, उसी के बराबर की बिल्डिंग भी नगरपालिका की है। उस पर भी टीम ने कब्जा ले लिया है। वहां पर कार्रवाई के दौरान बुधवार सुबह जब नोटिस चस्पा किया गया तो हर कोई दंग रह गया। यहां पर अवैध कब्जेदार कोई और नहीं, बल्कि नगरपालिका के मौजूदा जलकल प्रभारी तारिक हसन खां निकले। हालांकि अफसरों का तर्क था कि ये भवन उनको तब मिला था, जब वह कर्मचारी नहीं थे। बुधवार को नोटिस लगने के बाद उन्होंने खुद ही इस पर नगरपालिका को कब्जा दिलाया। मगर, एक सवाल उठाया जाता रहा कि अभी तक उन्होंने कब्जा क्यों नहीं छोड़ा था। फिलहाल जलकल प्रभारी का तर्क था कि वह इसे पहले ही सरेंडर कर चुके थे। उन्हें कोई नोटिस पालिका के स्तर से अभी तक नहीं मिला था।


सपा जिलाध्यक्ष को हिरासत में लेकर ले जाती पुलिस।

### सामान निकालने के लिए दिया जाएगा नोटिस

ईओ आवास में संचालित सपा कार्यालय के भवन पर नगरपालिका ने कब्जा ले लिया है, मगर अभी भीतर सामान रखा हुआ है। सपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि इसमें तमाम आवश्यक पार्टी से जुड़े दस्तावेज, सदस्यता से आई नकदी, संविधान स्तंभ, महापुरुषों की तस्वीरें आदि अहम चीजें रखी हुई हैं। हालांकि सिटी मजिस्ट्रेट का कहना है कि इसके लिए नोटिस दिया जाएगा, जिसमें दो दिन का समय सामान निकालने के लिए दिया जाएगा।

### पुलिस लाइन में भी हुई तीखी नोकझोंक

नकटादाना चौराहा से पकड़कर सपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेताओं को पुलिस लाइन भेज दिया गया था। वहां पर भी सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर से सपा नेताओं की तीखी नोकझोंक हुई। अधिकारियों पर सत्ता के दबाव में एजेंट बनकर काम करने का आरोप लगाया गया तो सिटी मजिस्ट्रेट भी भड़क गए, जिसके बाद तीखी बहस हुई। सपा के अधिवक्ता राशिद मियां कदीरी, सुधीर तिवारी आदि से सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी की काफी बहस हुई। इसी बीच पूर्व जिला महासचिव युसूफ कादरी आए और नगर पालिका की दुकानों पर अवैध कब्जे होने के बावजूद खाली न कराए जाने की बात कही तो उनको सिटी मजिस्ट्रेट ने ये कहकर चुप करा दिया कि दूसरे की गलती गिनाकर खुद को सही साबित नहीं किया जाता है। हालांकि बाद में अधिकारी चले गए। इसके बाद सपा नेता दोपहर एक बजे छोड़े गए। इसके बाद पैदल वापस आए और कार्यालय भवन का बदला रंग-रूप देख कुछ देर बाहर ही बेंच पर बैठे और फिर महामंत्री नफीस अहमद अंसारी के कार्यालय की तरफ चले गए। वहीं, आगे के लिए मंथन शुरू कर दिया गया।

### सत्ता के दबाव में अधिकारी, बलपूर्वक लिया कब्जा: जग्गा

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि असंवैधानिक तरीके से सत्ता के दबाव में अधिकारियों ने कार्रवाई की है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की गई। कुछ अधिकारी सत्ता के एजेंट बनकर काम करते दिखे हैं। हाईकमान को इसकी रिपोर्ट भेजी जा रही है। सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। हम न्यायालय को मानने वाले लोग हैं। हमें न्यायालय से न्याय की उम्मीद है। वहीं, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर का कहना था कि सरकारें आती-जाती रहेंगी, मगर द्वेष भावना के तहत कार्रवाई करना गलत है।

# भाकियू का पीटीआर मुख्यालय पर प्रदर्शन


पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीडी को ज्ञापन सौंपकर की समस्या निस्तारण की मांग

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। डिप्टी डायरेक्टर को ज्ञापन सौंप जल्द निस्तारण की मांग की।

जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता बुधवार को पीटीआर मुख्यालय पहुंचे। अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि बराही रेंज के जंगल क्षेत्र के कटकवारा में अवैध तरीके से डेरियों का संचालन किया जा रहा है। इन पर कार्रवाई की मांग की। वन वाचर पर लकड़ी कटवाने और मछली का शिकार करवाने का आरोप लगाकर निलंबन की मांग की। सिमरा में तैनात वन दरोगा पर ग्रामीणों को परेशान करने और झूठे मुकदमे दर्ज कराकर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया।

# सहकारिता एक्ट बनने तक लड़ाई जारी रखेगा सहकार भारती संगठन

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** नगर के एपी इंटर कालेज में बुधवार को सहकार भारती पीलीभीत इकाई के तत्वाधान में समृद्धि संवाद गोष्ठी हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला पैक्स प्रमुख मुनेंद्र पाल सागर ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे मौजूद रहे। संगोष्ठी प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने बताया कि सहकारिता से हम स्वावलंबी बनकर लघु उद्योगों का संचालन कर सकते है।

प्रदेश महामंत्री ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता की लड़ाई हम तब तक जारी रखेंगे, जब तक सहकारिता एक्ट बन नहीं जाता। इसके लिए सहकार भारती संगठन लोगों के घर घर जाकर उन्हें जागरूक करेगा।

अरविंद दुबे ने जिलाध्यक्ष के रूप में मुनेंद्र पाल सागर के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में स्वयंसेवी कैलाश गुप्ता, वीरपाल गंगवार, सहकारी चीनी मिल के जीएम त्रिवेणी पाल, हरिराम गौतम, जिला संगठन प्रमुख संतोष सिंह राठौर, जिला विधि प्रमुख नत्थूलाल पांडे, जिला डीसीबी प्रमुख एडवोकेट त्रिभुवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवनीत मिश्रा, जिला महिला प्रमुख संगीता सिंघल, जिला सह महिला प्रमुख पूनम जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष राम अवतार गौतम, जिला मंत्री शेर सिंह यादव, मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा, उमाशंकर कोहली आदि मौजूद रहे।


जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर मुनेंद्र पाल सागर को बधाई देते पदाधिकारी।

- सहकार भारती संगठन लोगों के घर-घर जाकर करेगा जागरूक
- समृद्धि संवाद संगोष्ठी में मुनेंद्र पाल जिलाध्यक्ष मनोनीत

# झोलाछाप के इलाज से ग्रामीण की मौत, क्लीनिक सील

संवाददाता, जहानाबाद

**अमृत विचार :** क्लीनिक पर इलाज के दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई। परिवार वालों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। टीम के आने से पहले ही झोलाछाप और उसकी टीम मौके से भाग गई। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चेक किया तो क्लीनिक फर्जी निकला। इस पर उसे सील कर दिया गया। इधर, पुलिस ने जानकारी जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर चक्रतीर्थ निवासी 55 वर्षीय रामभरोसे पुत्र अयोध्या प्रसाद की तबीयत बुधवार को खराब हो गई थी। उसे परिजन कस्बे में संचालित शमा हेल्थ केयर सेंटर पर लेकर पहुंचे। वहां ग्लूकोज की बोतल चढ़ाकर एक इंजेक्शन लगाया गया। थोड़ी देर बाद रामभरोसे की तबीयत और बिगड़ गई। कुछ देर में ही मौत हो गई। मरीज की मौत होते ही केयर सेंटर पर कार्य करने वाले भाग गए। परिवार ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। इधर, जहानाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. कमलेश गंगवार भी टीम के साथ आ गए। पड़ताल की गई तो क्लीनिक पूरी तरह से अवैध निकला। इस पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


क्लीनिक को सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- बिलई सिरसा चौराहा का मामला, नहीं था रजिस्ट्रेशन

# पीलीभीत में सपा हुई कार्यालय विहीन, ईओ को मिला सरकारी आवास

- 2005 से संचालित हो रहे सपा कार्यालय को हटाने के लिए पांच साल से चल रही थी कवायद
- चेयरमैन की मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद शासन से चली मुहिम, प्रशासन का मिला साथ और राह हुई आसान

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नकटादाना चौराहा पर ईओ आवास के एक कमरे और आंगन में करीब 20 साल से संचालित हो रहा समाजवादी पार्टी कार्यालय खाली कराने की कवायद पांच साल में कई बार जोर आजमाइश के बीच चर्चा का विषय बनती रही, लेकिन सपा नेताओं के द्वारा न्यायालय की शरण ली गई और मुहिम अधर में रह गई। मगर, मौजूदा नगर पालिका चेयरमैन की शासन स्तर पर की गई शिकायत के बाद महज 30 दिन के भीतर इस भवन पर नगरपालिका ने कब्जा ले लिया है। हालांकि सपाई इसे असंवैधानिक तरीके से बलपूर्वक बता रहे हैं। मगर, इस एक माह में जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा चला। शासन से चली मुहिम में जिला स्तर पर नगर पालिका को प्रशासन का सहयोग मिला और राह आसान होती चली गई, जिसके बाद कब्जा लेने में अंतिम दिन महज 30 मिनट का समय लगा। नतीजतन सपा जिला मुख्यालय पर कार्यालय विहीन हो गई और ईओ को सरकारी आवास मिल गया।


पुलिस लाइन से छोड़े जाने के बाद नकटादाना चौराहा स्थित उसी भवन के बाहर आकर बैठे जिलाध्यक्ष सपा समेत अन्य कार्यकर्ता।

बताते हैं कि नकटादाना चौराहा पर स्थित अधिशासी अधिकारी आवास का एक कमरा और आंगन 2005 में नगर पालिका बोर्ड द्वारा अस्थाई रूप से किराये पर दिया गया था। इसके बाद से यहां पर समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय मासिक 150 रुपये किराये पर संचालित होता रहा। सूबे की सत्ता में परिवर्तन के तीन साल बाद 12 नवंबर 2020 को सपा को किया गया आवंटन निरस्त कर दिया गया था। इसकी जानकारी पालिका के तत्कालीन अधिकारियों की ओर से सपा नेताओं को दी गई। तत्कालीन जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को प्रतिवादी बनाते हुए योजित की गई थी, जिसे एक दिसंबर 2020 को वापस ले लिया गया। हालांकि इसके पीछे पूर्व जिलाध्यक्ष का अपना तर्क रहा। 2021 में सपा के तत्कालीन जिला महासचिव यूसुफ कादरी ने नगरपालिका पीलीभीत, ईओ के प्रतिवादी बनाते हुए एक वाद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन में योजित कर दी गई। यह वाद वर्तमान में विचाराधीन बताया जाता है।

इधर, नगरपालिका की ओर से अपने ईओ आवास को वापस लेने के लिए कवायद शुरू की गई। पालिका की मानें तो कई नोटिस भेजे गए जबकि सपा नोटिस न मिलने की बात कह रही है। 11 फरवरी 2025 को सपा जिलाध्यक्ष ने डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट को मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देते हुए पत्र दिया था। इधर, नगर पालिका पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने इस मुद्दे को 18 मई को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा और भवन खाली कराने का आग्रह किया गया। इसके बाद शासन स्तर से मुहिम चली और प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाइयां तेजी से हुईं। प्रभारी ईओ आशुतोष गुप्ता से आख्या ली गई। इसमें सभी बिंदुओं को शामिल किया गया। खास बात रही कि इसमें ये कहा गया कि सपा नेताओं की ओर से न्यायालय में वाद होने की बात कही गई है। मगर, न्यायालय ने न तो किसी प्रकार अंतरिम आदेश पारित किया गया है, न ही नगरपालिका पीलीभीत को अपने भवन पर कब्जा लेने से रोका गया है। इसके बाद नगर पालिका ईओ के स्तर से इस कवायद को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक सहयोग मांगा गया।

मामला भले पालिका के ईओ के सरकारी आवास से जुड़ा रहा हो, लेकिन राजनीतिक मुद्दा बनकर उभरता चला गया। 10 जून को कार्यालय खाली कराने का पहला प्रयास छह दिन की मोहलत देकर टला तो चर्चाएं और तेज हो गई। प्रशासन के बैकफुट पर आने का शोर बढ़ा। इसके तमाम मायने निकाले गए। तीन दिन के भीतर कई उतार चढ़ाव आए। 16 जून का दिन जरुर इस मामले में रुख मोड़ता सा रहा। सिविल न्यायालय से स्टे मिलने की उम्मीद सपाई जताई रहे थे, लेकिन उसमें 21 जून की तारीख मिल गई। सुप्रीम कोर्ट में डाली गई याचिका भी निरस्त हो गई। 17 जून को दोपहर बाद जब सपा कार्यालय के बाहर भवन खाली करने का नोटिस चस्पा हुआ, उसके काफी देर बाद तक भी भले नगर पालिका स्तर पर कार्रवाईयां चल रही थीं, मगर अन्य जिम्मेदारों का रुख सामान्य सा दिख रहा था। इसकी उम्मीद सपा नेताओं को भी नहीं थी कि इस तरह से कार्यालय का भवन छिन जाएगा। बीते दो दिन से सपाई भी पहुंच तो रहे थे, मगर औपचारिक तौर पर। इधर, विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन स्तर से पुख्ता इंतजाम किए गए, लेकिन जब 18 जून को कार्रवाई चली तो महज 30 मिनट में नगरपालिका को भवन पर कब्जा दिला दिया गया।

### कार्यालय प्रकरण में पुरानी चूक दे गई आगे के लिए नसीहत

इन तीस दिन चली कार्रवाई के बीच अधिकारियों से हुई बहस ने सपा नेताओं को पुरानी चूक का एहसास कराने के साथ ही आगे के लिए नसीहत भी दे दी। कार्यालय आवंटन के दौरान सत्ता में समाजवादी पार्टी रही और इसके बाद 2012 से 2017 तक भी समाजवादी पार्टी सूबे की सत्ता पर काबिज रही। जनपद में दो-दो दिग्गज मंत्री सपा से रहे। मगर, इसके बाद भी खुद के कार्यालय को लेकर मजबूत स्थिति नहीं बना सकी। ये बात खुद मौजूदा पदाधिकारी भी कहते और स्वीकारते नजर आए। वहीं, बुधवार को कार्यालय बचाने के लिए संघर्ष से अधिक गुटबाजी का असर दिखा। गिने-चुने पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के अलावा अधिकांश बचे-बचे से नजर आए। इतना जरुर कार्यालय के बाहर से हुई गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस लाइन में जिलाध्यक्ष समेत अन्य विरोध करने वालों को बैठा दिया गया था। वहां पर धीरे-धीरे संख्या भी बढ़ी और पुलिस को नाम-पते नोट कराए जाते रहे। देरी के पीछे सभी के अपने-अपने तर्क रहे।

# कार हटाने को कहा तो कर दी ठेला संचालक की पिटाई

**बीसलपुर, अमृत विचारः** ठेले के सामने कुछ लोगों ने कार खड़ी कर दी। जब कार हटाने के लिए कहा तो हमला कर ठेला लगाने वाले सगे भाइयों की पिटाई कर दी। बचाने पहुंचे अन्य लोगों पर भी हमला किया गया।

नगर की पटेल नगर कॉलोनी सरस्वती विहार के रहने वाले शिवकुमार व अभिषेक सगे भाई है। उन्होंने बताया कि वह गोपी टॉकीज मार्ग पर ठेला लगाकर आम की बिक्री करते हैं। आरोप है कि अनमोल और अंशुल अपने साथियों के साथ उनके ठेले के सामने आकर कार खड़ी कर देते थे। इसका जब बीते दिनों विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर मारपीट की। आरोप है कि हमलावर नशे की हालत में थे। लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से उन पर वार कर दिया। शोर सुनकर जब सूरज गोस्वामी, विपिन मौर्य बीच बचाव कराने पहुंचे तो उनको भी पीट दिया। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गद्द) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# डीएम का तीन सरकारी कार्यालयों में छापा दो अधिकारियों समेत 20 मिले गैरहाजिर

## गैरहाजिर अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिन को वेतन काटने के निर्देश, स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीएम ने सहायक चकबंदी कार्यालय समेत तीन सरकारी कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी समेत 20 अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर मिले। डीएम ने गैरहाजिर मिले अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं अनुपस्थित मिले दोनों अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब करने के भी निर्देश दिए है। डीएम की इस कार्रवाई से अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी चौकन्ने नजर आए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बुधवार सुबह करीब 10.05 बजे पुरानी तहसील स्थित सहायक चकबंदी कार्यालय सदर, बंदोबस्त चकबंदी एवं श्रम प्रवर्तन कार्यालय में छापेमारी की। सहायक चकबंदी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में सफाई व्यवस्था देखने के साथ उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया।


चकबंदी कार्यालय में उपस्थिति रजिस्टर के बारे में पूछताछ करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।


श्रम प्रवर्तन कार्यालय से निरीक्षण करते बाहर आते डीएम।

उस दौरान कार्यालय में पेशकार संजीव कुमार, चकबन्दीकर्ता ओमप्रकाश सिंह, अरविंदर सिंह, चकबंदी लेखपाल उमेश कुमार मौर्य, तुषार गुप्ता, प्रियांशु राणा, छत्र सिंह अनुसेवक, आशुतोष राना, दिलीप कुमार, अहलमद विशन सिंह, कनिष्ठ सहायक राजेंद्र सिंह, नसीम अहमद, मानचित्रकार नरेश सिंह एवं अनुरेखक मोहम्मद आरिफ समेत 14 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। यहां डीएम ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का उन्होंने नो वर्क नो पे के आधार एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम ने बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। यहां भी निरीक्षण के दौरान बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक कंचन राना गैरहाजिर मिले। यहां डीएम ने बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब करने और एक-एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीएम ने श्रम प्रवर्तन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। यहां भी उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी घनश्याम वर्मा, सहायक लेखाकार कुमोद कुमार आर्य, कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश कुमार और तेज बहादुर अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीएम ने अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का एक-एक दिन का वेतन काटने एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। डीएम की इस कार्रवाई से सरकारी कार्यालयों में खासा हड़कंप मचा रहा। अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी पूरे दिन चौकन्ने नजर आए।

# आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने बैठक कर विभागवार की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचारः** डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं फीडबैक में सुधार लाये जाने से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने लंबित शिकायत का संज्ञान लिया और सभी विभागाध्यक्षों को पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। कहा कि इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान आंगनबाडी नियुक्ति, आयुष्मान कार्ड, झोलाछाप के खिलाफ कार्यवाही, विद्युत, जन्म प्रमाण पत्र, तहसील स्तर लंबित प्रकरणों, सड़क निर्माण, बैंक, वन विभाग एवं खनन सहित आदि विभागों के लंबित शिकायतों का संज्ञान लिया। संबंधित विभागाध्यक्षों को पोर्टल पर जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण के प्रति उनकी संतुष्टि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारी निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। शिकायत की जांच के लिए अधिकारी मौके पर जाने से पूर्व शिकायत से संबंधित सभी पक्षों को अवश्य अवगत करा दें, जिससे निस्तारण संतोषजनक हो सके। प्रतिदिन 10 निस्तारित शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से निस्तारण संतुष्ट/असंतुष्ट होने का फीडबैक लिया जाएगा।

इस मौके पर एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीडीओ संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# कुरान ख्वानी के साथ सैय्यद दादा मियां का उर्स शुरू

संवाददाता, बिलसंडा

- कानपुर की फनकारा गुलनाज साबरी आज बांधेंगी समां
- उर्स के पहले दिन भारी तादात में पहुंचे जायरीन

**अमृत विचारः** सैय्यद दादा मिया रहम तुल्लाह अलैह के चार दिवसीय 47 वें उर्स का मंगलवार को बाद नमाज फाजिर गुसल व कुरानख्वानी के साथ शुरू हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे।

बुधवार को दोपहर बाद नमाजे ईशा मिलाद शरीफ का प्रोग्राम जामा मस्जिद के इमाम आरिफ रज़ा हशमती, नूरी मस्जिद इमाम असगर बरकाती, हाफिज उमर, हाफिज रियाज, हाफिज फहीम, हाफिज रकीम, हाफिज असलम के द्वारा शुरू कराया गया।

नगर व आसपास के क्षेत्र से अकीदतमंदों ने पहुंचकर दादा मियां की मजार पर चादरपोशी की। रात 8 बजे कव्वाली हुई। अजमेर राजस्थान से पहुंचे ताहिर चिश्ती ने अल्लाह की शान में अपना कलाम पेश किया। गुरुवार को कानपुर की अदाकारा गुलनाज साबरी और फनकार फैजान रजा अजमेरी के बीच जवाबी मुकाबला होगा।

आयोजन व्यवस्था में मेला कमेटी के अध्यक्ष फैजान शाह, अंसार खां, अनवार खां, मोहम्मद रिजवान, राजू मंसूरी, सोहेल हुसैन खान, वसीम सिद्दीकी, फुरकान अंसारी, नदीम अंसारी, फैजान अली, राशिद मंसूरी, निराले अंसारी, कय्यूम खां, सभासद सलीम, मंसूरी, नवाब उल्ला खान उर्फ लल्ला, नईम, रियाजुद्दीन मंसूरी, अलीशेर मंसूरी, अनीस मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# पति समेत दस पर रिपोर्ट, नंदोई पर छेड़छाड़ का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचारः** दहेज में कार और नकदी की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर विवाहिता से मारपीट और नंदोई पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। आरोप है कि पति ने तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति सहित दस पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह पांच साल पहले शेरपुरकलां के एक युवक से हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। आरोप है कि ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। ईद पर ससुराल वाले पूरे घर के अलावा ननद-नंदोई के कपड़े बनवाने का दबाव बना रहे थे। 28 फरवरी को विवाहिता घर में अकेली थी तो नंदोई ने छेड़छाड़ की। पति व अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी तो वह उसे ही धमकाने लगे। पति ने मारपीट कर तीन बार तलाक कहते हुए उसे घर से निकाल दिया।

# प्रशिक्षण की तैयारियों को एसपी ने परखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नवागत आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियां पुलिस लाइन में तेजी से चल रही है। एसपी ने इसका निरीक्षण कर हकीकत परखी और निर्देश दिए।

एसपी अभिषेक यादव ने बुधवार को नवागत आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए आरटीसी परिसर में की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन एवं भौतिक संसाधनों की स्थिति की समग्र समीक्षा की गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग, शारीरिक प्रशिक्षण, एरोबिक एक्सरसाइज, क्रॉस कंट्री दौड़, ऑप्टिकल कोर्स इत्यादि को शामिल करते हुए एक व्यवस्थित दैनिक शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की फोकस स्थिति एवं कवरेज की जांच की गई, जिससे परिसर की गतिविधियों पर सतत निगरानी सुनिश्चित हो सके। लाउड हेलर सिस्टम की जांच कर उसकी कार्यशीलता को सुनिश्चित किया गया। बैरकों और निर्माणाधीन कैंटीन का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक गायत्री यादव, प्रतिसार निरीक्षक संतोष राघव आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी व्यवस्था चेक करते एसपी अभिषेक यादव।

## 620 अभ्यर्थियों लेंगे प्रशिक्षण

पीलीभीत, अमृत विचार : पुलिस विभाग में सिपाही पद पर चयनित हुए अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए पुलिस लाइन में पहुंचने शुरू हो गए हैं। मेरठ, मुजफ्फरनगर और बागपत के अभ्यर्थियों का एक माह का प्रशिक्षण पुलिस लाइन में होगा। बुधवार तक करीब 450 अभ्यर्थियों ने अपनी आमद दर्ज कराई। बकाया लगातार पहुंच रहे हैं। बता दें कि 20 जून तक सभी को पुलिस लाइन में उपस्थिति दर्ज करानी है। उनकी आईडी, मेल समेत अन्य कागजी कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

## बमरोली को ब्लॉक बनाने की उठाई मांग

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बमरोली के प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की, जिसमें कस्बा बमरोली को ब्लॉक बनाने की मांग की गई। कहा कि बमरोली क्षेत्र का रकबा काफी बड़ा होने के चलते कस्बे की दूरी अधिक पड़ती है। लिहाजा यहां विकास खंड का दर्जा दिया जाए, जिससे आसपास ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने गांव के समग्र विकास के लिए भी तमाम योजनाओं के लिए बजट की मांग रखी। मुलाकात के दौरान अधिवक्ता शैलेन्द्र मोहन दीक्षित, सुमित राठौर, आदित्य सिंह राठौड़, सतीशंकर मिश्रा, वीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



# मुआवजा दिलाने तो किसी ने की खाद न मिलने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- किसान दिवस में डीएम ने सुनीं किसानों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसानों की समस्याएं सुनी गई और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

गांधी सभागार में बुधवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें किसानों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र एवं पीएम कुसुम के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मरौरी ब्लाक के गांव भौरियाई न्यूरिया निवासी नेमचंद ने राशन कार्ड से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। भाकियू (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में सहकारी समितियों पर यूरिया और डीएपी किसानों को नही मिल रही है। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया और डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अकबरगंज सिमरा गांव के मेघनाथ ने खेत के पास टोल प्लाजा बनने पर मुआवजा दिलाने और बोरिंग कराने की मांग की। अन्य किसानों ने भी बारी-बारी से अपनी समस्याएं रखीं। डीएम ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।


गांधी सभागार में किसानों की समस्याएं सुनते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह व मौजूद अधिकारी।

# मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया के रहने वाले राघवेंद्र सिंह की ओर से धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। इसमें दिल्ली के रोहिणी सेक्टर पंद्रह निवासी सर्वेश गुप्ता, गांव खनंका उचसिया के दिलबाग सिंह और प्रताप सिंह को आरोपी बनाया है।

पुलिस में दर्ज एफआईआर में जमीन खरीद के बाद तय की गई रकम को लेकर टाममटोल करने समेत कई आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने ये भी आरोप लगाए हैं कि आरोपियों के द्वारा दिया गया चेक भी बाउंस हो गया था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताते हैं कि इस मामले में पीड़ित ने कई जगह पूर्व में शिकायतें की, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी।

# युवक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गजरौला क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का जोगेंद्र उसका अक्सर पीछा करता है। 16 जून की सुबह नौ बजे वह गांव के से ही घर की तरफ जा रही थी। रास्ते में जोगेंद्र ने रोक लिया और जबरन मोबाइल नंबर मांगने लगा। विरोध करने पर जोगेंद्र का भाई अखिलेश व पिता बाबूराम आ गए। आरोपियों ने दूसरी जगह शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# रंजिश में युवक को घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बचाने आए परिजनों से भी मारपीट का आरोप, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में मोहल्ला छोटा खुदागंज में मारपीट हुई। घर में घुसकर एक युवक की पिटाई कर दी गई। बचाने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग गए। पुलिस ने मौके से दो बाइक कब्जे में ली हैं।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी मुबारक अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व मोहल्ले की ही एक युवती उसके परिवार की एक युवती के साथ कहीं चली गई थी। तब से उसका कोई पता नहीं चल सका है। इसी बात को लेकर दूसरा पक्ष उनसे रंजिश माने लगा। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे दूसरे पक्ष के आठ-दस लोग उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिजन बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी दौड़ाकर पीटा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के आने से पूर्व आरोपी भाग गए। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। मौके पर मिली आरोपी पक्ष की दो बाइक पुलिस ने कब्जे में ले ली। आरोपियों से परिवार की जान का खतरा बताया। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली ई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

## एक नजर

### दहेज के लिए महिला को घर से निकालने का आरोप

**धौरहरा, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र के महरिया गांव निवासी शालिनी पुत्री रामकुमार ने बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व खमरिया निवासी मोहन पुत्र कुंवर से हुई थी। पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था। अतिरिक्त दहेज में पति व ससुराल के अन्य लोग बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर 10 जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### जन्म प्रमाण पत्र के लिए अब तक 108 आवेदन

**पसगवां, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में आयोजित कैंप में छात्र छात्राओं के जन्म प्रमाण पत्र के लिए बुधवार को 65 आवेदन आए। एक दिन पहले 43 आवेदन पत्र जमा हुए थे। इस तरह अब 355 के सापेक्ष 108 आवेदन जमा हो गए हैं। यह जानकारी देते हुए एडीओ पंचायत देवेन्द्र कुमार ने बताया कि कैंप में विकास विभाग और शिक्षा विभाग की सहभागिता रही।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा निवासी श्यामसुंदर वर्मा (60) बाइक पर अजान से अपने गांव जा रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी गोला लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दुष्कर्म का आरोपी निजी चिकित्सक गिरफ्तार

**मैगलगंज, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी निजी चिकित्सक शमशाद हुसैन खां को गिरफ्तार कर चालान भेजा है। आरोपी पर एक विवाहित महिला को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पहले कार्रवाई नहीं की थी। नवागत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने मामला संज्ञान में आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**मैलानी, अमृत विचार :** मैलानी थाना के एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस ने वांछित, अभ्यस्थ अपराधियों की गिरफ्तारी को चलाए गए अभियान के तहत दो वारंटियों नन्हें लाल निवासी गोपालपुर थाना पूरनपुर (पीलीभीत) और सुरेश कुमार निवासी नरौठा हंसराम थाना खुटार (शाहजहांपुर) को गिरफ्तार किया है।

### जिले के शाहजहांपुर बार्डर स्थित उचौलिया के हैं निवासी, कोई पढ़ा रहा तो कोई कर रहा है पढ़ाई

# ईरान में रह रहे खीरी के चार परिवार व दो लोग

संवाददाता, पसगवां


जफर अब्बास।


अमन जैदी।


रिजवान हैदर।


अफरोज आलम।

**अमृत विचार:** इजराइल और ईरान संघर्ष के बीच जिले के शाहजहांपुर बार्डर स्थित उचौलिया क्षेत्र के चार परिवार और दो लोग ईरान में रह रहे हैं।

वहीं बढ़ैया की एक बेटी आफरीन अभी पिछले महीने अपने पिता के निधन पर यहां आ गई थी। जाने वालों में अधिकांश पढ़ाई के लिए ईरान गये हैं। वहां अधिकांश पढ़ रहे हैं तो कुछ पढ़ा भी रहे हैं। उनके परिवार वालों का कहना है कि उनका नियमित संपर्क हो रहा है। सभी लोग सही सलामत हैं। ग्राम बढ़ैया में शिया समुदाय के लोग रहते हैं। यहां के मौलाना मुनीर सैय्यद लगभग 15 वर्ष पहले ईरान गये थे और अब वहां पढ़ा रहे हैं और वहीं रहते हैं। उनका परिवार भी वहीं है। इसी गांव के नाजिम हुसैन के पुत्र अमन जैदी अपनी पत्नी मलइका व एक बच्चे के साथ तीन वर्ष पहले ईरान के इस्फहान शहर में रह रहे हैं। उनसे परिवार वालों की बात होती है और वह ठीक हैं। जफर अब्बास पुत्र मोहम्मद अब्बास भी कुछ वर्षों से इस्फहान शहर में रहने लगे हैं। अरबाज हैदर के अनुसार उसके बड़े भाई रिजवान हैदर अपनी पत्नी आरिशा बानो व एक बेटे के साथ ईरान के कुम शहर में आठ वर्ष से रहते हैं। इन चार परिवारों के अलावा इसी गांव का फरमान पुत्र अहसान और गांव गदमापुर कल्लुआ का निवासी अहमद भी पढ़ाई के लिए ईरान में है। इस तरह लगभग 11 लोग और कुछ बच्चे ईरान में हैं।

#### सभी हैं सलामत, उनसे रोज होती है बात

मुसर्रत जहां ने बताया कि उसका पुत्र और अफरोज आलम जैदी भी कुम शहर में है। उससे रोज बात होती है और सब ठीक है। वह तो यह तक बताते हैं कि उन्हें कोई युद्ध जैसे हालात नहीं लगते। वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ ईरान गये हैं। हालांकि इजराइल के साथ युद्ध के चलते यहां गांव में परिवार और रिश्तेदारों की चिंता स्वाभाविक है, लेकिन रोजाना हो रही बातचीत से कोई परेशान नहीं है।

#### पिता के निधन पर वापस आ गई थी आफरीन

ईरान के मदरसा इस्लामिक कल्चर में उचौलिया क्षेत्र के गांव बढ़ैया निवासी आफरीन भी पढ़ाई कर रही है, लेकिन बीती आठ मई को पिता कैसर हुसैन का निधन होने के कारण वह तत्काल फ्लाइट से दिल्ली पहुंचकर घर वापस आ गई थी। अब वहां मिसाइलों के हमले सुनकर उसने फिलहाल न जाने का ही फैसला किया है।

# बस मैनेजर ने की अभद्रता संविदा परिचालक लामबंद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखीमपुर डिपो की एक अनुबंधित बस मैनेजर ने इनकम कम होने पर परिचालक को गाली दीं। इससे सभी परिचालक व यूनियन पदाधिकारी बस मैनेजर के खिलाफ लामबंद हो गए। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिचालक के साथ एआरएम से मिलकर मामले की जानकारी दी। एआरएम ने बस के मैनेजर को तलब कर वार्ता की। इस दौरान परिचालकों और बस मैनेजर के बीच नोकझोंक होने लगी। एआरएम ने मामला शांत कराकर बस मालिक से जवाब तलब कर दो दिन में उत्तर न मिलने पर अग्रिम कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखने की चेतावनी दी है।

लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस संख्या 1383 के संविदा परिचालक शिव शरण मिश्रा ने बताया कि सोमवार को बस की इनकम 13146 रुपये रही, जो निर्धारित आय 13613 से 467 रुपये कम रही। परिचालक का कहना है कि बस मैनेजर ने फोन पर आय के बारे में जानकारी लेकर कम इनकम पर अभद्रता की और लखीमपुर आने पर देख लेने, ड्यूटी न करने देने की धमकी दी। बस मैनेजर की धमकी से आहत परिचालक शिव शरण मिश्रा ने मामले से यूनियन पदाधिकारियों को अवगत कराया। बुधवार को यूनियन पदाधिकारियों और परिचालकों ने एआएम से मिलकर बस मैनेजर के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

> संगठन के लिए कर्मचारी का मान सम्मान सर्वोपरि है। परिचालक के साथ अभ्रदता की सूचना मिलने पर एआरएम से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। इसमें हीलाहवाली हुई तो संगठन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा। **-शरद तिवारी**, अध्यक्ष रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा लखीमपुर डिपो।

> एक अनुबंधित बस के मैनेजर द्वारा संविदा परिचालक के साथ अभ्रदता करने की शिकायत मिली है। दोनों से वार्ता करने के बाद बस मालिक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया। दो दिन में जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। **-गीता सिंह**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर डिपो।

# एक माह में खोदे 1030 तालाब, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

### जल संरक्षण के क्षेत्र में 15 मई से 15 जून तक हर गांव तालाब अभियान चलाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार को मेडल और प्रमाण पत्र देते निर्णायक प्रमिल द्विवेदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जल संरक्षण के लिए जिले में एक महीने में 1030 तालाब खोदने की उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। बुधवार को यह घोषणा विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने की और जिले को जल सशक्तिकरण का चमकता सितारा बताया। उन्होंने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया और प्रशासनिक टीम और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास की सराहना की।

जल संरक्षण के क्षेत्र में 15 मई से 15 जून तक हर गांव तालाब अभियान चलाया गया। जिले में 1030 तालाब खोदे गए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन, सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग ने यह सफलता हासिल की। जल संरक्षण के लिए 1030 तालाबों की खुदाई को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। कार्यक्रम में निर्णायक प्रमिल द्विवेदी

● 15 मई से 15 जून तक हर गांव तालाब अभियान चलाया

ने इसे सामूहिक प्रयास, प्रशासनिक समर्पण और जनभागीदारी का आदर्श उदाहरण बताया। इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड के जरिए लखीमपुर खीरी जनपद ने सिद्ध कर दिया कि ठोस इच्छाशक्ति और समर्पित प्रयासों से ग्रामीण विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। कहा कि हर गांव तालाब अभियान अब सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल सुरक्षा की दिशा में एक जनांदोलन बन चुका है। इस मौके पर डीसी मनरेगा सुशांत सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, सभी खंड विकास अधिकारी और इंडिया बुक का रिकॉर्ड की पूरी टीम मौजूद रही।

#### जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिला प्रशासन के लिए यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में एक जनभागीदारी से उपजी ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमने एक महीने में एक हजार से अधिक तालाबों की खुदाई का लक्ष्य पूरा किया और वह भी इस संकल्प के साथ कि पहली बारिश से पहले हर तालाब तैयार हो जाए।

#### रोजगार भी, महिला भागीदारी भी

हर गांव तालाब अभियान केवल जल संरक्षण की पहल नहीं रहा, बल्कि इसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने का भी काम किया। अभियान के दौरान करीब सात लाख मानव दिवसों का सृजन हुआ, जिससे उन किसानों और श्रमिकों को रोजगार मिला, जो कृषि कार्यों के ठहराव के कारण खाली थे। अभियान की विशेष उपलब्धि रही 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, जिसने इसे सिर्फ विकास परियोजना नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन की मिसाल भी बना दिया।

# शासन की नई व्यवस्था चेहरा मिलान के बाद मिलेगा पुष्टाहार

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार:** बाल विकास विभाग अब चेहरा मिलान करने के बाद लाभार्थी को पुष्टाहार का वितरण करेगा। इससे जहां आंगनबाड़ी सेंटरों पर लाभार्थियों को पुष्टाहार न मिलने की शिकायतों पर अंकुश लगेगा। वहीं जनता में पारदर्शिता पैदा हो सकेगी।

भीरा बिजुआ की बाल विकास परियोजना अधिकारी मिथिलेश कुमारी वर्मा ने बताया अब आंगनबाड़ी के प्रत्येक केंद्र पर आंगनबाड़ियों द्वारा प्रत्येक माह वितरण होने वाले पुष्टाहार को लाभार्थी का चेहरा आधार कार्ड से मिलान करने के साथ उसका फोटो लेने के बाद दिया जाएगा, जिससे सभी पंजीकृत बच्चे तथा महिलाओं को पात्रता के आधार पर शासन से मिलने वाली दाल, दलिया, तेल जैसी पोषण सामग्री मिल सकेगी। उन्होंने ब्लॉक क्षेत्र की 288 आंगनबाड़ी केंद्र पर इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश संबंधित आंगनबाड़ियों को दिए हैं। इन केंद्रों पर 16000 से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हैं। सीडीपीओ ने बताया यह व्यवस्था पूरी तरह से पहली अगस्त से लागू कर दी जाएगी। इसके बाद किसी भी लाभार्थी को बगैर फेस रीडिंग सत्यापन के पुष्टाहार नहीं मिल सकेगा।

# दो शावकों के साथ खेतों में घूमती दिखी बाघिन

**बांकेगंज/कुकरा, अमृत विचार :** वन रेंज गोला के अंतर्गत ग्राम पंचायत हजरतपुर के बलारपुर गांव में सरदार पाला सिंह के फार्म के आसपास गन्ने के खेतों में बाघिन दो शावकों के साथ शाम चार बजे घूमती दिखाई दी। इससे पहले मजरा लौकिहा में सुनीता देवी के घर पर बाघ ने बछड़े पर हमला कर मार दिया था। बलारपुर निवासी सरदार पाला सिंह ने बताया कि पहले भी बाघ द्वारा कई पशुओं पर हमले किए जा चुके हैं, जिसमें वन विभाग का कोई अधिकारी संज्ञान लेना नहीं आया। बलारपुर निवासी सिक्खों का कहना है कि वन विभाग बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। सूचना वन रेंज गोला को दी गई। रेंजर गोला संजीव कुमार तिवारी, वन दरोगा अंकित बाबू, अजय भार्गव,अजीत कुमार श्रीवास्तव, नरेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, अफजाल खान, वाचर गामा, नवल, सुधीर, छोटे, राकेश कुमार सहित वन टीम ने मुआयना कर बाघिन को खदेड़ कर जंगल की तरफ भगा दिया है।

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

# आकर्षण बना ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट


ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट के लोकार्पण के बाद सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव व प्रमुख लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भारत माता की तस्वीर के साथ लहराता तिरंगा, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर के साथ ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना है।

नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित इस सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त कर्नल सीपी मिश्रा और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने किया। लोकार्पण

● विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

के बाद सदर विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेल्फी प्वाइंट न केवल देशभक्ति की भावना को जाग्रत करेगा, बल्कि युवाओं में राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। नगर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने यह स्थल भारतीय सेना के वीर जवानों एवं वीरांगनाओं को समर्पित एक स्मृति स्थल के रूप में विकसित किया है। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर के साथ युवाओं खासकर शहर की बेटियों व महिलाओं में सेल्फी लेने का उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगा। जनपद वासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना की सदैव रही है। इस सेल्फी प्वाइंट को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है।

इस मौके पर सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, वाईडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. डीएन मालपानी, अजमानी पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

# स्टेटमेंट डाउनलोड करते खाते से निकल गए 51 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● साइबर सेल थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**अमृत विचार:** साइबर जालसाज गूगल को भी अपना हथियार बना रहे हैं। बैंक स्टेटमेंट के लिए खाताधारक ने गूगल से नंबर प्राप्त कर बात की और उससे बैंक का स्टेटमेंट मांगा। कुछ ही देर बाद जालसाज ने एक पीडीएफ भेजी। पीडीएफ डाउन लोड करते ही पीड़ित के बैंक खाते से 51000 रुपये निकल गए। पीड़ित ने साइबर सेल पुलिस को तहरीर दी है।

थाना खीरी के गांव कटकुसमा निवासी सचिन त्रिवेदी ने बताया कि उसका खाता इंडियन बैंक शाखा में है। वह अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट प्राप्त करना चाहता था। इसके लिए उसने गूगल पर जाकर वेबसाइट सर्च की और उसमें पड़ा मोबाइल नंबर लिया। बाद में इसी मोबाइल नंबर पर कॉल की। कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को इंडियन बैंक का अफसर बताया। उन्होंने उससे अपने खाते का स्टेटमेंट मांगा। आरोपी ने पूरी मदद कर स्टेटमेंट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कुछ समय तक बातचीत करने के बाद आरोपी ने उसे एक पीडीएफ भेजी और बताया की स्टेटमेंट पीडीएफ के माध्यम से भेज दिया है। जब उन्होंने भेजी गई पीडीएफ खोली तो उस फाइल में किसी भी प्रकार का कोई डेटा उपलब्ध नहीं था। उसके बाद जब उसने आरोपी से बातचीत की तब आरोपी ने फोन पे की हिस्ट्री खुलवा दी। उसके बाद स्टेटमेंट डाउनलोड करने के लिए कहा।

पीड़ित ने बताया कि जैसे ही उसने डाउनलोड के ऑप्शन पर क्लिक किया। उसका मोबाइल हैक हो गया और काम करना बंद कर दिया। उसके कुछ समय बाद उसके खाते से 51,000 रुपये की धनराशि निकाल ली गई। जब उसने फिर उसी मोबाइल नंबर पर कॉल की और धनराशि निकालने पर आपत्ति जताई तो आरोपी ने रुपये वापस होने का आश्वासन देते हुए कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। शक होने पर वह बैंक गया और शाखा प्रबंधक को पूरी बात बताई तब उसे साइबर ठगी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने मंगलवार को थाना साइबर सेल को तहरीर दी। साइबर सेल थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
SSVGI
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

# कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के अस्तित्व पर खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● शासन स्तर पर ऐसे विद्यालयों के एकीकरण को लेकर कवायद शुरू

**अमृत विचार:** जिले में 3106 बेसिक स्कूल हैं। इनमें से 250 विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या गिनती की है। इन विद्यालयों की सूची शासन ने तलब की है। इसकी वजह इन विद्यालयों का एकीकरण करना बताया जाता है। इससे इन स्कूलों के आस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इन विद्यालयों में तैनात शिक्षकों में खलबली मच गई है। संगठन के लोगों में अंदर खाने शासन की मंशा के खिलाफ विरोध पनपने लगा है।

बेसिक स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए हर साल हर जतन किए जाते हैं। इसके लिए स्कूल चलो अभियान को लेकर जागरुकता रैली निकालने से शिक्षक जनसंपर्क अभियान तक चलाते हैं। बावजूद इसके स्कूलों में बच्चों का नामांकन नहीं बढ़ रहा है। जिले में तमाम विद्यालय ऐसे हैं, जहां बच्चों की संख्या 20 और 50 से भी कम है।

विभागीय लोगों के मुताबिक शासन ने इन स्कूलों को पास के स्कूलों में संबंद्ध करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए गत दिवस बैठक कर महानिदेशक शिक्षा ने 20 छात्र संख्या वाले स्कूलों की सूची तलब की है। इन स्कूलों में शिक्षक-छात्र का मानक अनुपात भी ठीक नहीं है। कहीं कम छात्र संख्या पर अधिक शिक्षक तैनात हैं तो कहीं अधिक छात्र संख्या होने पर भी कम शिक्षक हैं। कुछ विद्यालय ऐसे भी हैं जो शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे हैं। इसको देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को पास के स्कूलों के साथ पेयरिंग (एकीकरण) करने की कवायद शुरू कर दी है। यदि ऐसा होता है तो जिले के तमाम विद्यालयों का वजूद मिटना तय है।

> गत दिवस बैठक में 20 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की सूचना मांगी गई थी। जो उपलब्ध करा दी गई है। हालांकि छात्र संख्या अनुसार विद्यालयों की सूची तैयार कराई जा रही है। इसके लिए सभी बीईओ को निर्देशित किया जा चुका है। **-प्रवीण कुमार तिवारी**, बीएसए।

#### इसका रखा जाएगा ध्यान

स्कूलों का आपस में संबंद्ध करते समय बच्चों की सुरक्षा से लेकर स्कूलों की दूरी का ध्यान रखा जाएगा। इसमें ऐसे स्कूलों का एकीकरण नहीं होगा, जिनके बीच की दूरी अधिक हो या फिर बीच में नदी आदि आ रही हो।

#### पहले भी जुटाया था डाटा

विभाग की ओर से कम छात्र संख्या ऐसे स्कूलों का डाटा पहले भी जुटाया गया था, लेकिन इसके बाद नामांकन अभियान शुरू होने के बाद कई स्कूलों की छात्र संख्या में बदलाव हुआ, जहां 40 से 50 के बीच में छात्र संख्या थी, वहां नामांकन के कारण छात्र संख्या बढ़ी है।

जिले में कुल परिषदीय विद्यालय- 3106
एक से पांच तक- 1973
एक से आठ तक-727
छह से आठ तक-406

# मोदी के 11 साल के शासन में हुआ देश का सर्वांगीण विकास

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार:** विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में नगर के शक्ति केंद्र त्रिलोक गिरि में चौपाल का आयोजन कर मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं गईं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से गांव, गरीब से लेकर सीमाओं को मजबूत किया है। मोदी के 11 साल के शासन में देश सर्वांगीण विकास कर रहा है। उन्होंने लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया। साथ ही नगर के अन्य स्थानों पर हरीश भारती एवं गांधी स्मारक शक्ति केंद्र पर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने चौपाल में मोदी सरकार के 11 साल के विकास कार्यों को बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक राजन साहनी, नगर उपाध्यक्ष अनिल जलोटा, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, बूथ अध्यक्ष गोविंद बाल्मीकि, हरिश्चंद्र गुप्ता, सचिन गुप्ता, उदित सोंधी, आयुष शुक्ला, महेन्द्र शुक्ला, ज्ञानू तिवारी आदि मौजूद रहे।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



# डीएम आजमगढ़ के खिलाफ अभियंताओं का प्रदर्शन

## जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता अरुण सचदेव के साथ डीएम आजमगढ़ की बदसलूकी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले जिले भर के अभियंताओं ने छाउछ स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी में स्थित निरीक्षण भवन में धरना-प्रदर्शन किया।

इसके बाद जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम आजमगढ़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को देकर उनकी बर्खास्तगी की मांग की है। साथ ही प्रदेश के अभियंताओं की गरिमा व सुरक्षा को लेकर एक बड़ी चिंता जाहिर की है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अभियंता। ● अमृत विचार

उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के अभियंता पूरी लगन और निष्ठा के साथ सरकारी कार्यों को कराते हैं और जनहित का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाते हैं, लेकिन प्रदेश के जिलों में तैनात डीएम अभियंताओं के उत्पीड़न व उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं लगातार प्रदेश में बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि 13 जून को डीएम आजमगढ़ रविंद्र कुमार (द्वितीय) ने जनपद में तैनात सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर अरुण सचदेव को अपने आवास पर बुलाकर गाली-गलौज की। इतना ही नहीं उन्हें जान से मारने के नीयत से डंडे भी मारे। इस घटना से प्रदेश ही नहीं पूरे देश के अभियंताओं में रोष है।

इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान सीके मंगलम, सुरजीत सिंह निरंजन, शशांक पांडे, दीप गुप्ता, अंशुर मौर्य, राजेश नरायाण, अभिषेक यादव, अमित कुमार, राजेश कुमार, विकास कुरील, ज्ञान चंद सिंह समेत बड़ी संख्या में अभियंता शामिल रहे।

### यह हैं प्रमुख मांगे

- डीएम आजमगढ़ को तत्काल भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त किया जाए।
- डीएम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई की जाए।
- पूर्व कार्यस्थलों पर भी तैनाती के दौरान डीएम के आचरण की समीक्षा के लिए एक सक्षम समिति गठित कराकर संपूर्ण कार्यशैली की जांच हो।
- केंद्रीय सिविल सेवा आचरण नियमावली 1964 के तहत डीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
- अभियंताओं को केवल शासन की निर्धारित बैठकों में ही बुलाया जाए।
- सभी शासकीय बैठकों की वीडियोग्राफी कराई जाए ताकि किसी प्रकार का मानसिक उत्पीड़न न हो सके।

# दिव्यांगों ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

● डीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भारतीय दिव्यांग यूनियन गोला के नेतृत्व में बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचे दिव्यांगजनों ने डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। राशन कार्ड, मुद्रा लोन दिलाने समेत सात मांगों को लेकर एक ज्ञापन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा। ज्ञापन में हफ्ते भर में समस्याओं का निस्तारण न होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

भारतीय दिव्यांग यूनियन गोला के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में कई दिव्यांगजन कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए।

गोला तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि दिव्यांग अपनी प्रमुख समस्याओं को लेकर काफी समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी फरियाद सुनने के लिए कोई तैयार नहीं हैं।

उन्होंने डीएम को दिए गए सात सूत्रीय ज्ञापन में अंत्योदय राशन कार्ड बनाने में दिव्यांगों को प्राथमिकता देने, मुद्रा लोन में आरक्षण का लाभ दिलाने, रोडवेज बसों में सम्मानजनक तरीके से यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने, सरकारी अस्पतालों में दिव्यांगों के लिए अलग से काउंटर बनाए जाने, मंडी समितियों में लाइसेंसधारी दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ दिलाने आदि मांग की हैं। ज्ञापन में कहा एक हफ्ते में मांगों का निस्तारण न हुआ तो दोबारा डीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# बार एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अन्य अधिवक्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि तहसील के सभी न्यायालय एवं विभागों में बड़ी संख्या में प्राइवेट कर्मचारी लगे हैं। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। तहसील में कई वर्षों से तैनात सरकारी कर्मचारियों के कारण भी भ्रष्टाचार फैल रहा है, जिनका स्थानांतरण किया जाए। एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के कार्यालयों में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण शीघ्र कराया जाए ताकि वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सके और सरकार की मंशा पूरी हो। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप कुमार मेनरो, पूर्व अध्यक्ष श्रीश द्विवेदी, विष्णु कुमार शुक्ला, बनारसी लाल चौधरी, राजेंद्र राठौर यूनुस, सुनील कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म मामले में पिछड़ा वर्ग संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम रेणु मिश्रा को ज्ञापन सौंपते पिछड़ा वर्ग महासंघ के जिलाध्यक्ष व अन्य।

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** कौशांबी में दुष्कर्म पीड़िता के परिवार वालों को न्याय दिलाने को पिछड़ा वर्ग महासंघ ने जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

पिछड़ा वर्ग महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश पाल के नेतृत्व में तमाम लोग बुधवार को जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे। लोग पीड़ित परिवार को न्याय और दरिंदे को फांसी दो के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रेणु मिश्रा को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि कौशाम्बी की दुष्कर्म पीड़ित बेटी को न्याय मिले। उसके परिवार वालों को सुरक्षा दी जाए और आरोपी दरिंदे को फांसी दिलाई जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

ज्ञापन देने वालों में अशर्फी पाल धनगर, बहुजनों के बुलंद आवाज सचिन सिंह नितिन, आशीष कुमार वर्मा, शंकर लाल पाल, रामचंद्र पाल, लोक राम आदि मौजूद रहे।

# मोगा बाबा पर सनातन को बदनाम करने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बुधवार को श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के पदाधिकारियों ने तहसील में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कथित मोगा बाबा ने धर्म के नाम पर सनातन धर्म को बदनाम करने, धर्म के नाम पर लोगों की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश करने, शोभायात्रा निकलवा कर खाटू श्याम बाबा के नाम का उपयोग करते हुए रथ पर बैठकर अपनी आरती उतरवाने आदि आरोप लगाए हैं। इनके द्वारा महेशपुर के निकट बने बिहारीपुर के आश्रम में जल वितरण कर गंभीर रोगों का इलाज किया जाएगा। श्याम दीवाने समिति ने कथित मोगा बाबा के ढकोसलों का विरोध करते हुए प्रशासन से इनके विषय में जांच, पड़ताल करवाकर सच्चाई समाज के सामने लाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अनिल जलोटा, प्रियंकल जलोटा, दीपक राजपूत, अजय गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिवम गुप्ता, संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत, प्रमोद सोनी, मयंक माहेश्वरी, अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर, आकाश गुप्ता, सरिता देवी, नेहा गुप्ता, नीलम सोनी आदि मौजूद रहे।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप

### रिक्रूट की ट्रेनिंग शुरू, आईजी ने परखीं व्यवस्थाएं

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लखनऊ परिक्षेत्र के आईजी तरुण गाबा बुधवार को लखीमपुर पहुंचे। उन्होंने नवचयनित रिक्रूटों से वार्ता की। उन्हें प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण को अच्छी तरह से लगन के साथ पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। आईजी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सुविधाओं का भी जायजा लिया। नव चयनित प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया। ताकि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सके और उनकी शारीरिक एवं मानसिक तैयारियों को उत्तम तरीके से आकार दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान आईजी ने बैरक की साफ-सफाई, स्नानागार की सुविधाएं, भोजनालय (मेस), भोजन की गुणवत्ता और ग्राउंड पर आयोजित शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधाओं को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसपी संकल्प शर्मा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

### मोबाइल लूट का आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**रोशननगर/बिलहरी, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद की पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले एक और आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि एसआई हेमंत कटियार ने वाहन चेकिंग के दौरान खरगापुर की पुलिया से मोबाइल लूटने वाले आरोपी सत्यम कश्यप निवासी मोहल्ला कुम्हारन टोला वार्ड चार कोतवाली गोला को गिरफ्तार कर दो मोबाइल व बाइक बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा है।

### सीएमओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण

**बरवर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बरवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मुख्य रूप से वह इस पीएचसी पर कोल्ड चेन प्वाइंट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। पसगवां ब्लॉक में यह दूसरा कोल्ड चेन प्वाइंट बनाया है। अभी तक वैक्सीन पसगवां सीएचसी से वितरित होती थी, लेकिन अब बरवर पीएचसी से भी वैक्सीन वितरित होगी। इससे टीकाकरण लक्ष्य में सुगमता और प्रगति आएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, ओपीडी रजिस्टर और साफ सफाई व्यवस्था देखी। पीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा। कोल्ड चेन प्वाइंट भी सही मिला। उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### हिस्ट्रीशीटरों को आने-जाने की देनी होगी सूचना

**मैगलगंज, अमृत विचार :** नवागत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने बुधवार को थाना क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटरों को थाने पर तलब किया। गांव से बाहर आने-जाने की सूचना थाने में देने की हिदायत दी। साथ ही अपराध में शामिल होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जिस थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर जाएंगा उस थाने को सूचना देनी होगी। वापस आने पर भी थाने में जानकारी देनी होगी। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल मिले तो कार्रवाई की जाएगी। हिस्ट्रीशीटर किसी अपने अपराधी साथी को क्षेत्र में देखे तो इसकी सूचना तुरंत थाने में दें। हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने की शपथ भी दिलाई गई।

### विषाक्त चारा खिलाकर दो भैंस मारने का आरोप

**मझगईं, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव विष्णुपुर निवासी सुमित्रा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गांव का इंद्रजीत खेत से चरी काटकर अपने घर पर लाया और उसमें जहरीली दवा मिलाकर चरी उसकी दो भैंस के सामने डाल दी। शक होने पर उसने आरोपी से पूछा भी, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया और वह उनके घर से चला आया। चरी खाने के कुछ देर बाद उनकी दोनों भैंस की हालत बिगड़ गई और दोनों की मौत हो गई। महिला ने बताया कि उसकी एक भैंस दूध दे रही थी, जबकि दूसरी गर्भ से थी। वह जब आरोपी के घर पर गई और चरी को खाकर दोनों भैंस की मौत होने की बात कही तो आरोपी भड़क गया और गाली गलौज करने लगा। इस पर महिला ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जाएगी।

### पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आने पर मचा कोहराम

**मझगईं, अमृत विचार :** कस्बा निवासी उबैद खां (40) की सोमवार शाम सात बजे सीतापुर में रामपुर-बिसवां मार्ग पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मंगलवार शाम शव पैतृक गांव मझगई आने पर कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। परिजनों ने बताया की उबैद बाइक से सामान खरीदने खमरिया कस्बा जा रहा था। उसी समय बस ने बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे उबैद की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने पहचान कर सूचना परिजनों को दी थी। मंगलवार रात गमगीन माहौल में उबैद को कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### कैंप में दूसरे दिन 26 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर कुंभी ब्लॉक में लगे विशेष कैंप में बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं ताकि उनके आधार कार्ड आसानी से बन सके और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। एसडीआई श्रीराम ने बताया कि कैंप के दूसरे दिन बुधवार को 26 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाकर जारी कर दिए गए हैं और 122 बच्चों के आवेदन की फाइलों का निरीक्षण कर एसडीएम कार्यालय भेज दिया गया है। शीघ्र ही उनके भी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र न होने के चलते आधार नहीं बन पा रहा है, ऐसे बच्चे अपने अभिभावकों के साथ गुरुवार और शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में लगे विशेष कैंप में आकर अपना आवेदन कर दें।

### बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

**धौरहरा, अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के शेखनपुरवा कुम्हेना गांव निवासी सहनाज (55) पत्नी अनवर ने बताया कि बच्चों के बीच हुए विवाद के चलते कहा सुनी हो गई। जिससे नाराज आरोपी जंग बहादुर उर्फ शिफायत अली, छोटकऊ उर्फ रिफायत अली, बौरा व भग्गन उसके घर में घुस आए और उसे लाठी-डंडे से मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को सीएचसी धौरहरा भेजा, जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सात घंटे लेट पहुंची समर स्पेशल ट्रेन

**मैलानी, अमृत विचार :** मंगलवार को वाराणसी सिटी-लालकुआं समर स्पेशल नौ घंटे देरी से मैलानी पहुंची तो बुधवार को लालकुआं वाराणसी सिटी भी सात घंटे देरी से मैलानी पहुंची। लेटलतीफी से यात्रियों को गर्मी में परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। 05029 वाराणसी सिटी-लालकुआं समर स्पेशल ट्रेन मंगलवार को निर्धारित समय रात 2.55 के बजाए नौ घंटे देरी से दोपहर 12 बजे मैलानी पहुंची। ट्रेन 05030 लालकुआं-वाराणसी सिटी समर स्पेशल बुधवार को निर्धारित समय दोपहर 3.20 के बजाए करीब सात घंटे लेट रात 10.34 बजे मैलानी पहुंची। समर स्पेशल के सात घंटे देरी से चलने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। 05030 लालकुआं-वाराणसी सिटी बनकर लालकुआं से प्रस्थान करने का समय सुबह 10.35 बजे है। लिहाजा ट्रेन 05029 के नौ घंटे लेट होने से ट्रेन नंबर 05030 के भी लालकुआं से देरी से चलकर मैलानी देर से पहुंचने की पूरी संभावना है।

### महिला के झाला लूटकर भागे दो बदमाश गिरफ्तार

**मितौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी शोभित अपनी ससुराल हर्रैया गया था। मंगलवार शाम वह पत्नी शालिनी को लेकर अपने गांव आ रहा था। भीखमपुर-कस्ता मार्ग पर सरेली मोड़ के पास पीछे से बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर बाइक रोक ली और महिला के कानों के झाले और उसका पर्स लूटकर भाग निकले। दंपती के शोर मचाने पर बदमाशों को डहर गांव के पास राहगीर व ग्रामीणों ने घेर लिया। बदमाश डहर गांव के अंदर होकर गन्ने के खेत में घुसे तो कंटीले तारों में उलझकर तीनों गिर पड़े। इस बीच प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे भी फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस ने गन्ने के खेत में सर्च अभियान चलाया और थाना क्षेत्र के गांव नगरा दरी निवासी हरिओम अवस्थी व अंकित पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। मौके से बाइक, लूटे गए झाले और पर्स में रखे 4000 रुपये बरामद कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### ट्रक एसोसिएशन ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**संपूर्णानगर, अमृतविचार :** तराई क्षेत्र में पड़ रही भयंकर गर्मी को लेकर ट्रक एसोसिएशन संपूर्णानगर के अध्यक्ष हरिवंश साहनी उर्फ बुच्ची साहनी के नेतृत्व में बुधवार को एसोसिएशन कार्यालय पर स्टाल लगाया गया। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर संपूर्णानगर- पलिया मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को रोककर शीतल शरबत पिलाया। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बाद तक यह सिलसिला चलता रहा। इस दौरान जगबीर सिंह, गोपाल गुप्ता, गुरुसेवक सिंह, देवेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, जसविंदर सिंह, सेवाराम, प्रदीप, सतनाम सिंह नामधारी सिंह टेंट, सोनू मित्तल आदि लोगों ने मौजूद रहे।

**SCL COMMERCIAL INDIA PRIVATE LIMITED**
**404, DLF COURTYARD, SAKET, NEW DELHI (110017)**

We Would like to inform that SCL Commercial India Private Limited willing to market following 100 per cent water soluble imported fertilizers in Uttar Pradesh as per FCO order no. S.O 2900 (E) Dated 24th October 2015.

We Shall comply all the terms & conditions as per referred notification of Govt. of India.

We hereby publish product information to all stakeholders:

a) **DOLCE :** P= 25%, K=26%, B=1%
b) **DINAMICO:** N=7.5%, P=27%, Zn=1.5%+ B=1%
c) **COLORE:** K=48%, SO3=31%, B=0.3%

Formulation: Soluble powder
**Manufactured by:** (SCL Italia), Via Fabio Filzi 25/A 20124 Milano- Italy. ***Imported & marketed by:*** SCL Commercial India Private Ltd., Saket New Delhi

# संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत

## जीजा पर दुष्कर्म और गर्भपात कराकर तेजाब पिलाने का पिता ने लगाया आरोप

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की बुधवार शाम संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों का कहना है कि वह अपनी बीमार बड़ी बहन की देखभाल करने कई महीने पहले अपने जीजा के घर गई थी। आरोप है कि जीजा ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके गर्भवती होने पर गर्भपात कराया।

दवा के बहाने तेजाब पिला दिया, जिससे उसकी हालात बिगड़ गई और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

**● बड़ी बहन की तबियत खराब होने पर रह रही थी उसके घर**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी पुत्री की शादी दो साल पहले थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी अखिलेश कुमार के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद पुत्री की अचानक तबीयत खराब हो गई।

दामाद अखिलेश के कहने पर उन्होंने बीमार पुत्री की देखभाल करने के लिए अपनी छोटी पुत्री रेखा को भेज दिया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद अखिलेश ने छोटी पुत्री को डरा धमकाकर और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद छोटी बेटी की तबीयत खराब हुई तो उसे डॉक्टर को दिखाया। अल्ट्रासाउंड से पता चला कि बेटी गर्भवती है। रेखा की अभी शादी नहीं हुई थी। इससे पीड़ित पक्ष और आरोपी अखिलेश के बीच समझौता हुआ हो गया था कि उसकी छोटी पुत्री भी दामाद के घर पर ही रहेगी। आपसी सहमति न बन पाने के कारण बड़ी पुत्री मायके आ गई। इसी बात का फायदा उठाकर दामाद अखिलेश और बड़ी बेटी के ससुर नेतराम, सास गीता देवी, देवर जसवंत ने मिलकर छोटी बेटी रेखा का गर्भपात करा दिया।

डॉक्टर ने दवा दी है ऐसा बोलकर आरोपियों ने पुत्री को तेजाब पिला दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वह अचानक पुत्री का हाल जानने दामाद के घर पहुंचे तो पुत्री ने आपबीती बताई। जब उन्होंने अपने दामाद और उसके परिवार के लोगों से विरोध किया तो आरोपियों ने मायके ले जाकर इलाज कराने को कहा। इस पर वह करीब 10 दिन पहले पुत्री को ले आए और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी बुधवार को मौत हो गई। पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

> पिता की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।
>
> **–राजू राव**, प्रभारी निरीक्षक थाना मझगईं।

# कांशीराम कॉलोनी में खाली हुए 10 आवास

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कांशीराम कॉलोनी में 12 जून को तहसील, नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिस बल के साथ कांशीराम कॉलोनी आवास में पहुंचकर ब्लॉक 43 से 50 तक आठ ब्लाकों में बगैर आवंटन के रह रहे 10 लोगों के आवास खाली कराकर, उनका सामान बाहर कर ताला डलवा दिया, जिसके चलते कुछ लोग सामान लेकर चले गए, पर कुछ लोग जिनका कहीं घर नहीं था वह खुले आसमान के नीचे तख्त पर सामान रखकर रहने को मजबूर हैं।

कांशीराम आवास के 585 नंबर में रह रही द्रोपदी देवी पत्नी स्व. छत्रपाल का आवास भी खाली करा लिया था। वह तब से खुले आसमान में तख्त पर सामान रखकर तीन बेटियों शिवानी (20), सीमा (18) और मोनी (15) के साथ रहे हैं।

द्रोपदी ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मोहल्ला कुमाहरन टोला में किराए पर रह रही थी। पति की मौत के बाद किराया न दे पाने पर मकान मालिक ने निकाल दिया। तब स्व. विधायक अरविंद गिरि ने उन्हें कांशीराम कॉलोनी के आवास में रहने के लिए कहा था। तब से वह कॉलोनी में तीन बेटियों के साथ रह रही थीं। दूसरों के घरों में काम कर तीनों बेटियों का पालन पोषण कर रही थीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र में लेखपाल जयप्रकाश वर्मा पर 20 हजार रुपया लेकर आवास में रहने देने का आरोप भी लगाया है। बरसात होने पर वह कैसे जीवनयापन करेंगी। लेखपाल जयप्रकाश वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन स्विच ऑफ बताता रहा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लोनिवि बदायूं।

पत्रांक 1819/निविदा/2025 दिनांक 10/06/2025

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियंता, प्रा0ख0लो0नि0वि0, बदायूं द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार पंजीकृत योग्य ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर बिड आमंत्रित की जाती है। बिड प्रस्तुत करते समय निविदा के आई0टी0बी0 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बिड अपलोड करें।
2.

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.) | धरोहर धनराशि (लाख रू.) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | दातागंज विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सहायक अभियंता चतुर्थ के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर पॉट होल्स / पैच मरम्मत का कार्य | 12.00 | 1.20 | 856 | 4 Month | A, B, C & D (Road work) |
| 2 | शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सहायक अभियंता प्रथम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर पॉट होल्स / पैच मरम्मत का कार्य | 12.00 | 1.20 | 856 | 4 Month | A, B, C & D (Road work) |
| 3 | शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सहायक अभियंता द्वितीय के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर पॉट होल्स / पैच मरम्मत का कार्य | 12.00 | 1.20 | 856 | 4 Month | A, B, C & D (Road work) |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.06.2025 से दि0 27.06.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, जिनकी तकनीकी बिड तद्दिनांक 27.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
4. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु बेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लागिन किया जा सकता है।

(नरेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, बदायूँ

**UP-235038 दिनांक 17.06.2025**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत लाही फरीदपुर के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. लाही फरीदपुर, वि. क्षे. सालारपुर (बदायूं) से संबद्ध कृषि योग्य भूमि जिसका क्षेत्रफल 0.3290 हेक्टेयर है की नीलामी/पट्टा 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक एक वर्ष के लिए की जाएगी। भूमि नीलामी गठित समिति द्वारा दिनांक 26.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे तहसील सदर, बदायूं में की जाएगी। उक्त सूचनानुसार किसान भाई नीलामी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जमानत राशि 5000 रुपये है।

**अय्यूब खां, प्रधानाध्यापक**
**प्रा. वि. लाही फरीदपुर, वि. क्षे. सालारपुर, बदायूं**

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत भटौली के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. भटौली, वि. क्षे. सालारपुर (बदायूं) से संबद्ध कृषि योग्य भूमि की नीलामी/पट्टा 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक एक वर्ष के लिए की जाएगी। भूमि नीलामी गठित समिति द्वारा दिनांक 26.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे तहसील सदर, बदायूं में की जाएगी। उक्त सूचनानुसार किसान भाई नीलामी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जमानत राशि 5000 रुपये है।

**अनूप कुमार, प्रधानाध्यापक**
**प्रा. वि. भटौली, वि. क्षे. सालारपुर, बदायूं**

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत विलहत के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. विलहत, वि. क्षे. सालारपुर (बदायूं) से संबद्ध कृषि योग्य भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.590 हेक्टेयर (खसरा संख्या – 534 व 15334 मि.) है की नीलामी/पट्टा 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक एक वर्ष के लिए की जाएगी। भूमि नीलामी गठित समिति द्वारा दिनांक 26.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे तहसील सदर, बदायूं में की जाएगी। उक्त सूचनानुसार किसान भाई नीलामी में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जमानत राशि 10000 रुपये है।

**धर्मेंद्र प्रताप सिह, प्रधानाध्यापक**
**प्रा. वि. विलहत, वि. क्षे. सालारपुर, बदायूं**

# रोडवेज बस अड्डे के कार्यालय में छत से मेज पर गिरा पंखा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रोडवेज बस अड्डे के कार्यालय में छत से मेज पर गिरा पंखा।

**अमृत विचारः** रोडवेज बस अड्डे का भवन काफी जर्जर हो चुका है। बुधवार को एआरएम कक्ष के पास वाले कमरे में लगा पंखा छत से टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया। अचानक मेज पर गिरे पंखे की आवाज के कमरे के गेट पर मौजूद लिपिक व अन्य कर्मचारी सहम गए।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के लखीमपुर डिपो भवन का निर्माण 1964 में शुरू हुआ था। इसका उद्घाटन तत्कालीन परिवहन मंत्री मुजफ्फर हुसैन ने 25 मार्च 1965 को किया था। रोडवेज बस अड्डे का 60 साल पुराना भवन बेहद जर्जर हो चुका है। आलम यह है कि रेलिंग व दीवारों का प्लास्टर छूटकर गिर रहा है। छत का प्लास्टर भी ईंटें छोड़ रहा है। बुधवार को एआरएम कक्ष से पहले बने कमरे में लगा सीलिंग फैन गिर गया। गनीमत रही कि इस दौरान कमरे में कोई नहीं था। कार्यालय के लिपिक किसी कार्य से बाहर थे। अचानक मेज पर गिरे पंखे की तेज आवाज से लिपिक ही नहीं, बल्कि अन्य कर्मी भी सहम गए। कर्मचारियों ने बताया कि पंखा गिरने की वजह कुंडे का पूरी तरह से गलना था।

2022 में एआरएम जोगेंद्र सिंह कार्यालय में विभागीय काम निपटा रहे थे। तभी छत में लगा पंखा मेज पर गिरा। उस दौरान एआरएम जोगेंद्र सिंह कुर्सी पीछे करके फोन पर बात कर रहे थे। इसलिए वह बच गए थे

> बुधवार को कार्यालय में अचानक छत में लगा पंखा कुंडा सहित मेज पर गिरा गया। यह तो ईश्वर की दया रही कि कोई उसकी चपेट में नहीं आया। सभी कार्यालयों में पंखो को रॉड आदि से टंगवाया जाएगा, जिससे इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।
>
> **गीता सिंह**, एआरएम सिंह

# पंजाब के लिए निकला युवक स्टेशन से गायब

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां के गांव वरौरा निवासी 30 वर्षीय अनूप कुमार की ससुराल वृंदावन में है। उसके सास-ससुर पंजाब में काम करते हैं। उसकी पत्नी ससुराल में रहती है। अनूप घर पर खेती करता है। उसकी पत्नी प्रियंका ने कहा कि पंजाब से उसके माता-पिता को लेकर आ जाओ। मंगलवार की शाम वह घर से पंजाब के लिए निकला। उसने अपने भाई सचिन को शाम सात बजे फोन करके बताया कि ट्रेन लेट है और स्टेशन पर हैं। सचिन ने बताया कि रात साढ़े 10 बजे उसके भाई के फोन से किसी व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि अनूप हमारे पास लेटे हैं और घबराने की कोई बात नहीं है। वह हमारे साथ पंजाब जा रहे हैं। उसने कहा कि कौन बोल रहे हो तो फोन काट दिया। उसके बाद से फोन स्वीच आफ है और पंजाब भी नहीं पहुंचा है। सचिन ने जीआरपी में भाई के बारे में सूचना दी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रेहान अली ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे चेक कराए जाएंगे।

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015,
ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com,
शाखाः प्रथम तल, एसआरपी कॉम्प्लेक्स, करम चारी नगर, बरेली-243001
आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785
सीएलएम – शान्तनु प्रताप सिंह–9918837339, सीआरएम–दीपक कुमार शर्मा – 9359650607

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/LKN/BRLY/A000001686, श्री सुखबीर सिंह, और श्री बलजीत कौर, दोनों, एफ11–12 प्रिय दर्शनी नगर, बीडीए कॉलोनी के पास, सेमीअर्बन, बरेली, उ.प्र.–243122 | 26-02-2025 / 13-06-2025 सांकेतिक | ₹ 4699365 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | 116 और 117 जागेश्वर धाम कॉलोनी रोड आवासीय भवन प्लॉट सं. 116 और 117 के हिस्से में खसरा संख्या 215 से 225 जागेश्वरधाम प्रतापपुर जीवन सहाय एसबीआई बैंक बरेली, उप्र– 243001 स्थित है, इसकी सीमाएंः उत्तर– प्लॉट संख्या 116 का हिस्सा, दक्षिण– प्लॉट संख्या 117 का हिस्सा, पूर्व– नॉर्थ सिटी कॉलोनी का घर, पश्चिम– सड़क 6 मीटर चौड़ी |
| 2 | UP/LKN/BRLY/A000001300, श्री अजय पाल सिंह, एवं श्रीमती शालू गौतम, दोनोंः मास्टर कॉलोनी, बहेरी, अर्बन, बरेली, यूपी– 243201 | 26-02-2025 / 13-06-2025 सांकेतिक | ₹ 2395871 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | ओम एस्टेट आवासीय प्लॉट संख्या 56 और 57 खेत 1029 बाके ग्राम घंघोरा पिपरिया हनुमान मंदिर, बरेली, उप्र– 243122 पर, इसकी सीमाएंः उत्तर– निजी प्लॉट संख्या 58 और 57 का हिस्सा, दक्षिण– निजी प्लॉट संख्या 55, पूर्व– सड़क 23 फीट चौड़ी तारकोल, पश्चिम– अन्य प्लॉट |
| 3 | UP/LKN/BRLY/A000000645, श्री करनजीत कौर, और श्री सत्येन द्र पाल सिंह, दोनों, बी 46 विष्णु धाम कॉलोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सुजुकी शोरूम के पास, सेमीअर्बन बरेली, उ.प्र.–243006 | 26-02-2025 / 13-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1760247 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | प्लॉट संख्या 25 और 26 और 27 खसरा नं 209, बांके ग्राम धुरेरा माफी, परगना तहसील और जिला बरेली, उपर– 243001, सीमाएंः उत्तर– 25 फीट चौड़ा तार रास्ता, दक्षिण– अन्य खाली प्लॉट, पूर्व– 18 फीट चौड़ा तार रोड, पश्चिम– अन्य खाली प्लॉट |
| 4 | UP/LKN/BRLY/A000001585, श्री आमिर हुसैन और श्रीमती सयारा बी, दोनों के पतेः हुसैन पकरिया, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उ.प्र.–262001 | 26-02-2025 / 13-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1412402 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | बेनी चौधरी रोड खाली प्लॉट गाटा संख्या 37 बेनी चौधरी के भाग पर स्थित है, हरश्रृंगार वालों की मजार, पीलीभीत, उपर– 262201, सीमाएंः उत्तर– अन्य का खेत, दक्षिण– सड़क 10 फीट चौड़ी, पूर्व– पी/ओ अमीना, पश्चिम– पी/ओ अमीना |
| 5 | UP/ALI/MDBD/A000000155, श्री असद असद, और श्रीमती नफीस बेगम इलियासफत परवीन, दोनों के पतेः 11 घेर रामपुर शहर, सेमीअर्बन रामपुर, उ.प्र.–244901 | 26-02-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1330931 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | मोहल्ला– गूजर टोला, माई घेर रहमत नगर खान रामौर हाउस नं 261, उपर– 244901, सीमाएंः उत्तर– उत्तर 16 फीट चौड़ा, दक्षिण– मकान कलीम खान, पूर्व– संपत्ति इदरीस भाई, पश्चिम– संपत्ति नूर अहमद |
| 6 | UP/ALI/MDBD/A000000233, श्री कुवैर सिंह, और श्रीमती जलधारा जलधारा, दोनोंः शहजादी सराय, सेमीअर्बन, संभल, उ.प्र.–244302 | 26-02-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1108639 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | खसरा संख्या 329/2 मौजा शहजादी सरल तहसील व जिला– संभल, उप– 244302 पर स्थित, सीमाएंः उत्तर– प्लॉट राहुल अग्रवाल अन्य, दक्षिण– विक्रेता की भूमि, पूर्व– संतोष उर्फ कल्लू की मां का मकान, पश्चिम– सड़क 10 फीट चौड़ी |
| 7 | UP/LKN/BRLY/A000001284 श्री मोहम्मद साजिद और श्रीमती शमा जहां, दोनों के पतेः मो– ग्यासपुर, बीसलपुर, सेमीअर्बन, पीलीभीत, उ.प्र.– 262201 | 26-02-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक | ₹ 918537 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | वार्ड संख्या 19 मोहल्ला ग्यासपुर तहसील बीसलपुर में निर्माणाधीन आवासीय मकान नूर अहमद चेयरमैन हाउस, पीलीभीत, उप– 262201, सीमाएंः उत्तर– आवास छोटे खां, दक्षिण– आवास छोटे खां, पूर्व– 13 फीट चौड़ी सीसी रोड, पश्चिम– अन्य मकान |
| 8 | UP/LKN/BRLY/A000000836 श्री राहुल गुप्ता और श्रीमती शोभा गुप्ता, दोनों के पतेः 71 नई बस्ती कटघर सेमीअर्बन बरेली, उ.प्र.–243001 | 26-02-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक | ₹ 546439 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | गली संख्या 71, नई बस्ती मोहल्ला कटघर शिव मंदिर के पास परगना तहसील व जिला बरेली, उप– 243001, सीमाएंः उत्तर– अमर का मकान, दक्षिण– लज्जावती का मकान, पूर्व– 10 फीट चौड़ी सीसी रोड, पश्चिम– नाला फिर रेलवे लाइन |
| 9 | UP/LKN/BRLY/A000001659 श्री नफीस अहमद, 101–डी सेक्टर–1, उक्कुनगरम विजाग, ग्रामीण, विजाग ग्रामीण टीडब्ल्यू, आंध्र प्रदेश, भारत–530032 और श्रीमती शगुफ्ता नफीस अहमद, एच–21 एक्सटेंशन पार्ट–2, जतीपुर, दक्षिणी दिल्ली, मेट्रो, दिल्ली, भारत–110044 | 26-02-2025 / 12-06-2025 सांकेतिक | ₹ 6292922 दिनांक 26.02.2025 तक +ब्याज इत्यादि | 1171/161 कोणार्क के बराबर वाला रोड, आवासीय भवन मकान नंबर 1171/166, सिविल लाइंस, बरेली, उप्र– 243001 पर स्थित है, इसकी सीमाएंः उत्तर– रास्ता 20 फीट 10 इंच, दक्षिण– मकान श्रीमती रुखसाना, पूर्व– अन्य का मकान, पश्चिम– गली 5 फीट 8 इंच |
| 10 | UP/LKN/BRLY/A000001722 श्री अरबाज खान और श्रीमती सबीना बेगम, दोनों के पतेः 59 बाग ब्रिगटन, आजम नगर, बरेली, सेमीअर्बन, उ.प्र.– 243005 | 11-03-2025 / 12-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1480935 दिनांक 10.03.2025 तक +ब्याज इत्यादि | 60/70, गंगापुर रोड, आजम नगर, बाग बरागटान, साहूराम डिग्री कॉलेज, बरेली, उप– 243001, सीमाएंः उत्तर– मकान इह रहीस, दक्षिण– जोगियों का मदरसा, पूर्व– 18 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, पश्चिम– 25 फीट चौड़ी कच्ची सड़क |
| 11 | UP/LKN/BRLY/A000000573 श्री ब्रिजेश कुमार एवं श्रीमती मुन्नी देवी, दोनों के पतेः मो– रतनपुरी, मीरगंज, सेमीअर्बन, बरेली, उ.प्र.– 243502 | 11-03-2025 / 12-06-2025 सांकेतिक | ₹ 869841 दिनांक 10.03.2025 तक +ब्याज इत्यादि | मकान नंबर 125, रतनपुरी, डाक खाना चौराहा के पास, मीरगंज, बरेली, उप– 243504, सीमाएंः उत्तर– तारा चंद का मकान, दक्षिण– सड़क, पूर्व– सड़क, पश्चिम– सड़क |
| 12 | UP/LKN/BRLY/A000001869 श्री विनोद कुमार एवं श्रीमती प्रीति कुमारी, दोनों, गांव– चुराई दलपतपुर, 1 मीरगंज, बरेली, यूपी– 243504 | 11-03-2025 / 12-06-2025 सांकेतिक | ₹ 1343758 दिनांक 10.03.2025 तक +ब्याज इत्यादि | हनुमान मंदिर रोड गाटा संख्या 226 पिपरा मिलक, पटेल एन्क्लेव, हनुमान मंदिर, मीरगंज, उप– 243504, सीमाएंः उत्तर– सड़क 20 फीट चौड़ी, दक्षिण– सड़क 12 फीट, पूर्व–पूर्व में ब्रजभूषण का प्लॉट, पश्चिम में पप्पू का प्लॉट |

दिनांक : 18-06-2025, स्थान : बरेली
प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**Bareilly Cantonment Board**
**E-Auction Notice**

Bareilly Cantonment Board has invited bids through e-auction for giving the right to contract as per under mentioned earmarked site/location for a period of 05 years :-
The schedule of Dates for E-Auction is as follow :-

| Particulars | E-auction ID | Details of publication | |
|---|---|---|---|
| E-AUCTION FOR EARMARKED SITE/ LOCATION IN R/O ADVT. RIGHTS AND INSTALLATION, DISPLAY OF HOARDINGS/STRUCTURES/SIGN BOARDS SITUATED NEAR SATELLITE BUS STAND- SHAHJAHANPUR ROAD (CANTT LIMIT) FOR THE PERIOD OF 05 YEARS (AREA - 2500 Sq.ft.) | 2025_MoD_4038 | Document Submission start Date & Time | 21.06.2025 at 05:00 PM |
| | | Document Submission End Date & Time | 14.07.2025 at 05:00 PM |
| | | Auction Start Date & Time | 18.07.2025 at 11:00 AM |
| | | Auction End Date & Time | 18.07.2025 at 04:00 PM |

Intending Bidders/Contractors/ agencies can participate in the above e-auction and all information related to e-auction can be viewed by logging on e-auction website https://eauction.gov.in

(रविन्द्र, भा.र.सं.से.)
(Ravinder, IDES)
मुख्य अधिशासी अधिकारी
(Chief Executive Officer)
बरेली छावनी परिषद
Bareilly Cantonment Board

# पलिया ने 71 रन से बेला टीम को दी शिकस्त

**मझगई, अमृत विचारः** मझगई प्रीमियर लीग डे क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पलिया और बेला टीम के बीच खेला गया। इसमें पलिया ने 71 रन से बेला टीम को हराकर मैच अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शाहरुख को मिला। केन ग्रोवर्स विद्यालय मैदान पर मझगई प्रीमियर लीग डे क्रिकेट टूर्नामेंट का खेला जा रहा है। इसका उद्घाटन बुधवार को मुख्य अतिथि समाजसेवी जीवन सिंह, समाजसेवी मोहम्मद खान व मोहम्मद नसीम नेकिया। पहला मुकाबला पलिया एवं बेला टीम के बीच हुआ। बेला के कप्तान धीरेन्द्र राज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पलिया की टीम ने शाहरुख के 13 गेंदों में धुआंधार बनाए गए 50 रन की बदौलत 14 ओवरों में 184 रन बनाए। 185 रन का लक्ष्य पाने के लिए मैदान पर उतरी बेला की टीम मात्र 114 रनों पर ढेर हो गई। पलिया टीम ने 71 रन से मैच जीता। सर्वाधिक रन बनाने पर शाहरुख को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस दौरान कमेटी सदस्य नाजिर कुरैशी, राहिद अली, साहिल, अरबाज अली आदि मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 29/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं. 1:–कार्य का विवरणः** स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों (टी.आर.आर, आई.एस.डी, टी.टी.आर. एवं डीस्ट्रेसिंग कार्य आदि) के अन्तर्गत रेल की वेल्डिंग के लिए आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित एल्युमिनों थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा ए.टी. वेल्डिंग का निष्पादन। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,36,25,561.59 बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,18,100/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. ई– निविदा दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0),**
**मुजाधि/डब्लू–124 इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co- Ltd शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रवण कुमार व राजेश कुमार पुत्रगण राम चन्द्र निवासी शारदा कालोनी, सिविल लाइन्स नॉर्थ पीलीभीत के है वह एक किता मकान रकवा 187.27 वर्गमी गाटा सं. 68/1 का भाग ग्राम देशनगर अन्दर चुंगी सिविल लाइन्स नॉर्थ तहसील व जिला पीलीभीत में स्थित है को अमर सिंह सेंगर उर्फ अमर सिंह से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उपरोक्त सम्पत्ति खतौनी के अनुसार अमर सिंह सेंगर उर्फ अमर सिंह के नाम दर्ज थी परन्तु विक्रय के समय अमर सिंह सेंगर उर्फ अमर सिंह की उम्र ज्यादा होने के कारण भविष्य में किसी भी वाद विवाद से बचने हेतु उनके लड़के अनुज सेंगर को विक्रेता के रूप में शामिल कर लिया था। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /संस्था / बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co- Ltd शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नही है उक्त ऋण श्रवण कुमार व राजेशा कुमार पुत्रगण राम चन्द्र निवासी शारदा कालोनी, सिविल लाइन्स नॉर्थ पीलीभीत को प्रदान कर दिया जायेगा।

**सुशान्त सक्सेना एडवोकेट**
**पैनल एडवोकेट**
**बगिया चौम्बर नं. 1, निकट पोस्ट आफिस**
**सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली।**
**मो. नं. 9837205613**

## जन्म प्रमाणपत्र बनवाने को उमड़ी भीड़

बिजुआ। ब्लॉक सभागार में बुधवार को जन्म प्रमाण पत्र बनने के लिए शिविर लगा। इसमें बच्चों को लेकर सैकड़ों की संख्या में माता–पिता पहुंच गए। जन्म प्रमाण पत्र का आवेदन करने में लगने वाले प्रपत्रों एवं आवेदन फॉर्म भरवाने के लिए अभिभावक भागदौड़ करते रहे। गर्मी से परेशान माता–पिता अपने बच्चों को लेकर पेड़ों के नीचे बैठने को मजबूर हुए। एडीओ पंचायत अनिल कुमार वर्मा, बीईओ नागेंद्र चौधरी, ग्राम पंचायत अधिकारी विजय पाल राज आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकार ददरौल, शाहजहांपुर**

पत्रांकः सी–169/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/2024–25 दिनांकः 04.06.2025

**ई-टेण्डरिंग सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत ददरौल, शाहजहांपुर की कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2022–23 में 15 वां केन्द्रीय वित्त योजना के अंतर्गत निम्नवत विवरण के अनुसार कार्य कराये जाने है जिसके लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के सम्बन्ध में निविदा कार्यालय समय में किसी भी समय जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा www.e-tender.up.nic.in वेबसाइट पर दिनांक 18.06.2025 से 25.06.2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। एक हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा की जानी है, कार्य की निविदा दिनांक 25.06.2025 को दोपहर 03:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम स्थल सहित | अनुमानित लागत | अनुमानित कुल लागत (लाख में) | निविदा का मूल्य | अर्नेस्ट मनी 2% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ढका उधरनपुर में अमृत सरोवर निर्माण | 34.89 लाख | 34.89 लाख | 600 रूपये | 70000.00 | 1 माह |

मुख्य शर्तेः–

1. वेबसाइट से डाउनलोड किये गये निविदा प्रस्तुत किये जाने के स्थिति में निविदा के साथ 70 हजार रूपये के एफ. डी.आर./डी.डी. खण्ड विकास अधिकारी पद के नाम बन्धक कराया जाना जो निविदा खोले जाने के पूर्व मूलप्रति कार्यालय मेंप्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
2. सरोवर पर कराये गये वृक्षारोपण की सुरक्षा की जिम्मेदारी कार्य समाप्ति पश्चात् छः माह बाद तक कार्यदायी संस्था/ठेकेदार का होगा।
3. जमानत की धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी जो निविदा स्वीकृत के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को अवशेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में खण्ड विकास अधिकार ददरौल, शाहजहांपुर के पक्ष में बन्धक करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, जिसे छः माह बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने के बाद वापस कर दिया जायेगा।
4. सम्बन्धित कार्यो में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा मान्य होगी। सशर्ते निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार क्षेत्र पंचायत ददरौल/अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
6. समस्त कार्य उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही कराये जायेंगे।

**अमित कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**ददरौल, शाहजहांपुर**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय भारती पुत्र श्री जंगबहादुर निवासी मो. कच्चा कटरा आंवला बरेली मेरी पहचान पत्र एवं मार्कशीट में मेरा नाम अजय जे.जे. है जो कि आधार कार्ड और पैन कार्ड पर नहीं आ पा रहा है। इस कारण से मैं अपना नाम अजय भारती रख रहा हूं।

**सूचना**

मैं अपने भाई सत्यपाल व उसकी पत्नी श्यामा (भाभी) के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर हमेशा के लिए सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ यह दोनों अपने कृत्यों लेन–देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **पूनम उर्फ कन्या पत्नी राजन पुत्री स्व0 बाबू निवासी मोहल्ला नेकपुर गल्ला मण्डी थाना सुभाषनगर जिला बरेली।**

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र सह प्रमाण मेरे पिता का नाम Kashmeer Singh अंकित है तथा इण्टरमीडिएट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम Kashmir Singh अंकित है। उक्त सही नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में संशोधित किया जाये। **पवनदीप कौर पुत्री कश्मीर सिंह नि. ग्राम पढुवा, पो. त्रिकौलिया, तह. पलिया जनपद लखीमपुर खीरी**

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए । धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए । किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए ।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल-ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटैलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलेंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एफ-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।

भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल खुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत मंदिर परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिसमें पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी, मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य शामिल हैं। झारखंडेश्वर महादेव मंदिर 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है।

### अनुकूल रहेगा मौसम खरीफ फसलों की उत्पादकता बढ़ाने की सलाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके। बैठक में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया, जिसमें खासकर दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बात की गई।

# केशव प्रसाद मौर्य बनाए जा सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह मंत्री अमित शाह ने लखनऊ दौरे में योगी से कराई मौर्य की सुलह
- दिल्ली में योगी के प्रस्ताव पर मौर्य को मिल सकती कमान





**अमृत विचार :** मेरे मित्र केशव प्रसाद मौर्य..., पहली बार गृहमंत्री अमित शाह की ओर से उप मुख्यमंत्री के लिए लखनऊ में इस संबोधन का असली मर्म अब सामने आने वाला है। केशव प्रसाद मौर्य भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है। योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है।

गृह मंत्री के अमित शाह 15 जून के लखनऊ दौरे पर थे। बताते हैं कि इसी दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सितारा चमकने की नींव रखी गई। हालांकि नव नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के भव्य समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम योगी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी नेताओं का नाम उनके पदानुसार बोला। लेकिन सिर्फ केशव प्रसाद का नाम लेते समय व्यक्तिगत अनुराग प्रदर्शित करते हुए मेरे मित्र का संबोधन करके सबको चौंका दिया था। इसे लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि मेरे लिए तो वह गुरु समान हैं। यह अमित शाह का बड़प्पन है कि उन्होंने उन्हें अपना मित्र बताया। कहा कि उन्होंने जो कुछ भी सियासत में सीखा है वो, अमित शाह के मार्गदर्शन में ही सीखा है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी समेत संघ को काफी दिनों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए आए नामों के पैनल में किसी एक पर मुहर लगाना मुश्किल हो रहा था। विपक्ष भी भाजपा अध्यक्ष नियुक्त न करने पर सवाल करने लगा था। दलित और पिछड़ा वर्ग को ही कमान देने पर सहमति पहले ही बन गई थी। लेकिन संघ ने एक बड़ी शर्त जोड़ी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बैक ग्राउंड संघ से जुड़ा हो। इसपर मौर्य पूरी तरह खरा उतरते दिख रहे हैं। उनका पूरा जीवन संघ और अनुषांगिक संगठन विहिप, बजरंग दल, गो रक्षा और पिछड़ों को संगठित करने में खपा है। राममंदिर आंदोलन में उनकी संगठन क्षमता का संघ नेतृत्व कायल था। उनके प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने संसदीय चुनाव जो जीत यूपी में दर्ज की, वह रिकार्ड अभी नहीं टूटा है। सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2019 के चुनाव में मुख्यमंत्री बनने से चूक गए केशव को राष्ट्रीय संगठन का मुखिया बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

सूत्रों के मुताबिक, योगी और केशव प्रसाद में सुलह हो गई है और योगी ने खुद ही केशव का नाम केंद्र संगठन को प्रस्तावित किया है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को दिल्ली दौरे पर हैं। राष्ट्रपति से मिलने के बाद वे राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात कर मौर्य की ताजपोशी का रास्ता साफ होगा।

### ब्रजेश पाठक करेंगे बीएल संतोष से मुलाकात

सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के दिल्ली में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बोम्माराबेट्टू लक्ष्मीजनार्दन संतोष से मुलाकात करेंगे। ब्रजेश पाठक के अलावा केशव प्रसाद मौर्य के भी दिल्ली जाने की खबर है।

### अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

# राष्ट्रपति को आयुष विवि के लोकार्पण का न्योता

## दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने की द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, 30 को गोरखपुर आएंगी राष्ट्रपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर में खुल रहा है राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने 30 जून को आने पर मुहर लगा दी है। इसी के साथ अधूरे बचे कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने में शासन जुट गया है।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को जनता दर्शन करने के बाद दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। वे 11.45 बजे यूपी सदन पहुंचे। जहां से राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके 30 जून को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण का निमंत्रण दिया। यह विवि भटहट के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बन रहा है। इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। शिलान्यास के बाद वह यहां आकर कई बार निर्माण कार्य का जायजा ले चुके हैं। अब इसका निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

**प्रदेश के 97 आयुष कॉलेज विश्वविद्यालय से हैं संबद्ध :** आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा,



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति के लिए अलग-अलग संस्थाएं रही हैं। सत्र 2021-22 से प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब आयुष विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 97 आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज व संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इस सत्र में इन सभी कॉलेजों में कुल मिलाकर स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के करीब सात हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह बताते हैं कि स्नातक और परास्नातक के साथ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समयानुकूल कई और रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। पाठ्यक्रमों को लेकर आयुष विश्वविद्यालय ने जो आगामी कार्ययोजना बनाई है, उसमें पीएचडी, बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद, बी फार्मा आयुर्वेद, बी फार्मा होम्योपैथ, बी फार्मा यूनानी, पंचकर्म असिस्टेंट डिप्लोमा, पंचकर्म थेरेपिस्ट डिप्लोमा, विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा, क्षारसूत्र डिप्लोमा, अग्निकर्म डिप्लोमा, उत्तरवस्ति डिप्लोमा और योग नेचुरोपैथी डिप्लोमा शामिल है।

# अब किसानों को गुमराह करना नहीं होगा आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजस्व परिषद आधुनिक तकनीक से भूमि संबंधी प्रकरणों को बनाएगा त्रुटिहीन

**अमृत विचार :** राजस्व विभाग के कथित चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी अब किसानों को गुमराह कर उनकी जमीन की कागजी हेराफेरी नहीं कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राजस्व परिषद अब प्रदेश के किसानों को तमाम सुविधाओं का अधिकारी बनाने जा रहा है।

इस कवायद के तहत राजस्व विभाग किसानों को उनकी भूमि पर अधिकार सम्बन्धी अभिलेख खतौनी त्रुटि रहित उपलब्ध कराने, बैनामे के बाद स्वतः म्यूटेशन कर अभिलेखों को अद्यतन करने, गाटों को आधुनिक उपकरण के माध्यम से अविलंब पैमाइश कराने और मानचित्रों को शुद्धता के साथ गूगल मानचित्र की तरह उपलब्ध कराने जैसी अनेक प्रकार की सुविधाएं शीघ्र ही उपलब्ध करायेगा।

यह जानकारी अध्यक्ष, राजस्व परिषद, अनिल कुमार ने साझा की। अनिल कुमार राजस्व परिषद कार्यालय स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में मंगलवार को प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2023 बैच के लगभग 50 प्रशासनिक अधिकारियों (प्रशिक्षु) को संबोधित कर रहे थे। राजस्व परिषद अध्यक्ष ने प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों को आधुनिक तकनीक को अंगीकृत करने की सलाह दी।

# 6 जिलों में ड्रोन से शुरू हुई फसलों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं। राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा।

योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

### नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# सूरीनाम में यूपी के प्रशिक्षित युवाओं की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सूरीनाम के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने किया उप्र. कौशल विकास मिशन का दौरा
- वर्चुअल कोर्स के जरिए कौशल विकास को सुलभ बनाने का दिया सुझाव

**अमृत विचार :** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उप्र. दौरे के दौरान बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।



लखनऊ में अधिकारियों के साथ चर्चा करते सुभाष पी. गुप्ता।

सुभाष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर यहां के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके।

उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

> युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> – पुलकित खरे, मिशन निदेशक कौशल विकास

> यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।
>
> –प्रिया सिंह, अपर मिशन निदेशक कौशल विकास

# फाइलेरिया की रोकथाम में जौनपुर व महोबा आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मई में कराया गया था 13 जिलों में ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे
- समीक्षा बैठक में राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने जिलों के प्रदर्शन पर जताया संतोष

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बीते मई माह में 13 जिलों में संपन्न हुए ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे (टास) में जौनपुर और महोबा ने बेहतर काम किया है। जबकि शाहजहांपुर, बलिया और चित्रकूट का प्रदर्शन औसत से कम रहा। यह जानकारी बुधवार को संस्था सी-कैंप के सहयोग से स्थानीय होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में सामने आए।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नेतृत्व में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 13 जिलों के 118 ब्लॉकों में टास-वन सर्वे किया गया। इसमें 72 इवैल्यूएशन यूनिट (ईयू) में से 55 ईयू सफल रहे, यानी कुल 77 प्रतिशत ईयू पास हुए हैं। इन क्षेत्रों में अब दो साल बाद टास-टू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि टास-वन सर्वे अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, मऊ, महोबा, शाहजहांपुर, पीलीभीत और सोनभद्र में हुआ था।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिन गांवों में नाइट ब्लड सर्वे, टास तथा यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) के माध्यम से माइक्रोस्कोपी द्वारा अधिक फाइलेरिया मरीज चिन्हित हुए हैं, वहां एक माह के भीतर फोकस सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया जाएगा।

### वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर जोर

गेट्स फाउंडेशन के संचारी रोग एवं वैक्सीन डिलीवरी के उपनिदेशक डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जिन ईयू में टास-वन पास नहीं हो पाया, उसका प्रमुख कारण यह रहा कि वहां सर्वजन दवा सेवन अभियान में लोगों की भागीदारी कम रही। उन्होंने कहा कि अगले एमडीए अभियान में सभी लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराना होगा। उपनिदेशक ने संक्रमण की रोकथाम के लिए वेक्टर कंट्रोल और वेक्टर मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही दवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण के दौरान दवाओं के लाभों की विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ. तनुज समेत 13 जिलों के नोडल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं सहयोगी संस्था डब्ल्यूएचओ, पाथ, सीफार, जीएचएस और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नो | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वे | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खे | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** — आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** — आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** — आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** — आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** — आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,444.66 | 24,812.05 |
| गिरावट | 138.64 | 41.35 |
| प्रतिशत में | 0.17 | 0.17 |

# कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि कॉरपोरेट क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि और विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। भारतीय कॉरपोरेट विधि सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निर्णय न केवल नीतियों एवं विनियमों को प्रभावित करेंगे, बल्कि इसका असर नागरिकों और निवेशकों के देश की संस्थाओं में विश्वास पर भी पड़ेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि कॉरपोरेट कानूनों के कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन का दायित्व संभालने वाले अधिकारियों के रूप में, आपकी भूमिका एक ऐसा कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में होगी जो पारदर्शी, जवाबदेह और नवाचार एवं उद्यमिता के लिए अनुकूल हो। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए प्रशिक्षुओं से मुर्मू ने कहा, कॉरपोरेट क्षेत्र हमारे देश की आर्थिक वृद्धि एवं विकास का एक प्रमुख स्तंभ है। कंपनी अधिनियम 2013 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि कानून को न केवल लागू किया जाए बल्कि उसे समझा जाए, उसका सम्मान किया जाए। साथ ही इस तरह से लागू किया जाए जिससे सभी के लिए न्याय, निष्पक्षता एवं अवसर को बढ़ावा मिले। रक्षा वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन सेवा एवं केंद्रीय श्रम सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रशिक्षुओं से उन्होंने कहा कि सैन्य विमानन में गुणवत्ता का मतलब सिर्फ तकनीकी विशिष्टताओं को पूरा करना नहीं है बल्कि इसका मतलब परिचालन सुरक्षा, मिशन की तैयारी, विश्वसनीयता एवं रणनीतिक श्रेष्ठता सुनिश्चित करना भी है। राष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सक्रिय रूप से सक्षम बनाने की आवश्यकता है।



● बोलीं- अधिकारियों की भूमिका कारोबारी माहौल बनाने के केंद्र में हो

### 2025 को राष्ट्रपति ने रक्षा सुधारों का वर्ष बताया

राष्ट्रपति ने कहा, सहायक नीतियों एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निजी उद्यमों को रक्षा परिवेश में एकीकृत करके, भारत स्वदेशीकरण प्रयासों में तेजी ला सकता है और खुद को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है। 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष बताते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से सशस्त्र बलों को प्रौद्योगिक रूप से उन्नत, युद्ध के लिए तैयार बलों में बदलने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने का आग्रह किया, जो बहु-क्षेत्रीय, एकीकृत संचालन में सक्षम हों। केंद्रीय श्रम सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून के संरक्षक हैं तथा श्रमिकों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा करने वाले श्रम कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आपके द्वारा लिए गए निर्णय और आपके द्वारा की गई कार्रवाइयों का उद्योग एवं समाज दोनों पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

## आईएएस अनुराधा सेबी के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) अनुराधा ठाकुर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर बुधवार को यह जानकारी दी गई।

ठाकुर 1994-बैच की हिमाचल प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी है। वह अप्रैल में ओएसडी के रूप में आर्थिक मामलों के विभाग में शामिल हुईं। अजय सेठ के 30 जून को 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह एक जुलाई से आर्थिक मामलों के सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगी। बाजार नियामक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, ठाकुर को सेबी के निदेशक मंडल में अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर : प्रभावी निवेश विकल्प

एनसीडी यानी नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर, कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने का साधन है, जो ऋण उपकरण के रूप में कार्य करता है। ये डिबेंचर निवेशकों को निश्चित ब्याज दर पर निश्चित अवधि के लिए रिटर्न प्रदान करते हैं, लेकिन इन्हें शेयरों में बदला नहीं जा सकता, इसीलिए इन्हें नॉन-कनवर्टिबल कहा जाता है। ये मुख्यत: उन निवेशकों के लिए उपयुक्त होते हैं जो सुरक्षित और स्थिर आय की तलाश में होते हैं, खासकर तब जब बैंक एफडी की ब्याज दरें कम हों। एनसीडी को रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेट किया जाता है, जिससे उनकी विश्वसनीयता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



### निवेश के लाभ

- **स्थिर और उच्च रिटर्न :** एनसीडी आमतौर पर बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर (7-10% तक) प्रदान करते हैं।
- **पूर्व निर्धारित ब्याज भुगतान :** निवेशक को मासिक, तिमाही या वार्षिक ब्याज विकल्प मिलते हैं।
- **रिडेम्पशन पर पूंजी वापसी :** एनसीडी की मैच्योरिटी पर मूलधन सुरक्षित रूप से लौटाया जाता है।
- **लिक्विडिटी :** लिस्टेड एनसीडी को स्टॉक एक्सचेंज पर खरीदा/बेचा जा सकता है।
- **टैक्स लाभ :** कुछ एनसीडी में सेक्शन 54ईसी के तहत टैक्स छूट भी मिलती है।

### जोखिम पर रखें विशेष नजर

- **क्रेडिट रिस्क :** कंपनी की वित्तीय स्थिति बिगड़ने पर ब्याज या मूलधन मिलने में देरी या हानि हो सकती है।
- **तरलता :** सभी एनसीडी स्टॉक एक्सचेंज पर आसानी से नहीं बिकते।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दरें बढ़ने पर पुराने एनसीडी की कीमत गिर सकती है।
- **नॉन-कनवर्टिबल होने की सीमा :** इन्हें शेयर में बदला नहीं जा सकता, जिससे इक्विटी का लाभ नहीं मिलता।

### ध्यान देने योग्य

- निवेश से पहले रेटिंग (जैसे क्रिसिल, आईसीआरए) अवश्य जांचें।
- केवल सेबी द्वारा अनुमोदित कंपनियों के एनसीडी में निवेश करें।
- अल्पकालिक के बजाय मध्यम से दीर्घकालिक निवेश रणनीति अपनाएं।
- पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें—सिर्फ एनसीडी पर निर्भर न रहें।

## साइबर धोखाधड़ी रोकने को निकालें समाधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप से डिजिटल गिरफ्तारी और अन्य प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए समाधान निकालने को कहा।

सीतारमण ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) इकाइयों की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वित्तीय समावेश को गति देने और भुगतान प्रणाली को दूरदराज के क्षेत्रों तक ले जाने में मदद की है। उन्होंने डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स, 2025 समारोह में कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि स्टार्टअप कंपनियां समाधान लेकर आएं ताकि लोगों को घर पर डिजिटल रूप से गिरफ्तार न किया जाए या रातों-रात कोई उनका पैसा लेकर भाग नहीं जाए। एक और बड़ा खतरा डीप फेक है, जो जनता को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। आज, हमें इन समस्याओं से निपटने का ध्यान देना चाहिए। इसलिए हमें फिनटेक कंपनियों के एक समूह की जरूरत है जो लगातार नई चुनौतियों से निपटने को लेकर समाधान निकालने के लिए काम कर रही हैं। वित्त मंत्री ने फिनटेक क्षेत्र से डिजिटल ऋण सुविधाओं को एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र तक बढ़ाने का भी आह्वान किया। सीतारमण ने कहा कि भारतीय फिनटेक क्षेत्र में होने वाले नवोन्मेष में वैश्विक सार्वजनिक वस्तु बनने की क्षमता है, जिससे अन्य उभरती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है। इससे हमारी कंपनियों के लिए नए बाजार खुलेंगे।



● वित्त मंत्री सीतारमण ने की वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों की सफलता की सराहना

## बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में सुधार: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था।

आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) बनाया है, जो डूबे ऋण, परिसंपत्ति-देयता और पूंजी पर्याप्तता सहित विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है। यह सूचकांक, नियामक को लघु वित्त बैंकों सहित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति का आकलन करने में मदद करता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के एसडीक्यूआई में मार्च 2024 की तुलना में मार्च 2025 में सुधार हुआ है। एससीबी के लिए एसडीक्यूआई में 87 एससीबी और उनके प्रमुख रिटर्न शामिल हैं।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 6.2% से होगी अधिक : इक्रा

**कोलकाता, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2% रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% थी। एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4% से अधिक होगी। जहां जीडीपी उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5% से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8% से अधिक रहेगा। इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4% रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 से 1.3% रहने का अनुमान है। रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है। 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है। इक्रा के अनुमान के अनुसार, सेवा निर्यात के वस्तु निर्यात वृद्धि से आगे निकलने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र का पूंजीगत व्यय 2025-26 में 10.1% बढ़ने का अनुमान है, जिससे निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।




● रेटिंग एजेंसी के अनुसार सकल मूल्य वर्धित वृद्धि 6.4% से होगी अधिक

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### ओएनजीसी के पूर्व उप महाप्रबंधक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, जोरहाट के पूर्व उप महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. बिजॉय शॉ और चिकित्सा अधिकारी (व्यावसायिक स्वास्थ्य) तथा 8 निजी मेडिकल दुकानों के मालिकों सहित 10 आरोपियों के खिलाफ 45 लाख रुपये के फर्जी बिलों के संबंध में मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने बुधवार को बताया कि आरोपी लोक सेवकों ने 2019 से 22 के दौरान निजी पैनलबद्ध मेडिकल दुकानों के मालिकों तथा अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचा।

#### पुराने मामले में दो विधायकों सहित नौ को 1-1 वर्ष की सजा

**जयपुर।** जयपुर की स्थानीय अदालत ने राजस्थान विवि के बाहर सड़क जाम करने के 11 साल पुराने मामले में बुधवार को कांग्रेस के दो विधायकों सहित नौ लोगों को 1-1 साल कैद की सजा सुनाई। जयपुर की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-19 परीक्षिता देथा ने सभी नौ आरोपियों को गैरकानूनी तरीके से सभा करने और सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालने का दोषी ठहराया। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि अभिषेक चौधरी ने भी जयपुर की झोटवाड़ा सीट से 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

#### आतंकियों की सूचना के बाद चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुदूर जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना का संयुक्त अभियान सुबह चटरू के सिंहपोरा वन क्षेत्र में शुरू हुआ और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। सुरक्षा बलों को कुछ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली और उन्होंने भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। हालांकि, अभी तक आतंकवादियों से आमना सामना नहीं हो पाया है।

#### नक्सली ठिकाने से 14 आईईडी व विस्फोटक मिले

**चाईबासा (झारखंड)।** पश्चिमी सिंहभूमि जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकाने का पता लगाया और वहां से 14 संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और 50 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जवान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लाए विस्फोटकों की तलाश में चितपिल गांव के पास नक्सल विरोधी अभियान चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मामले की जांच जारी है।

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से झूठ का पर्दाफाश

## कांग्रेस को घेरते हुए भाजपा ने कहा- भारत की विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे विपक्षी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है। यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इसको पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को कहा कि भारत को किसी की मध्यस्थता की न तो जरूरत है और न इसे स्वीकार करता है। उन्होंने एक्स पर कहा, कांग्रेस को केवल छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप से टेलीफोन पर बात की और उन्हें कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर रोके थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या व्यापार समझौते की पेशकश पर।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने भारत को कमजोर, तीसरी दुनिया के देश के रूप में ही देखा है। आज, भारत उभरती हुई शक्ति है। उन्होंने रमेश पर राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी 2025 में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।



● कहा- विपक्षी दल को विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का साझेदार माना जाना चाहिए

### ट्रंप से हुई बात पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं: कांग्रेस



कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश दौरे से लौटते ही सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बात हुई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज के लिए बुलाया जाना भारत के लिए कूटनीतिक झटका है और इस पर प्रधानमंत्री को ट्रंप के समक्ष नाराजगी जतानी चाहिए थी। रमेश ने कहा, मोदी और ट्रंप के बीच बात हुई है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री यह बात सर्वदलीय बैठक में क्यों नहीं कहते? इसीलिए हमने संसद के विशेष सत्र की मांग की ताकि प्रधानमंत्री राष्ट्र को विश्वास में लें और वे सारी बातें कहें जो उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप से कहनी चाहिए थीं।

## सुरक्षा को अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश जारी

**जम्मू, एजेंसी**

अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए सीमावर्ती जिलों जम्मू, सांबा और कठुआ में अधिक जांच चौकियां स्थापित करने के लिए पुलिस से कहा गया है। यात्रा शुरू होने से एक दिन पहले भगवती नगर से तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारियों को नाकों पर खासतौर से रात में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें उन स्थानों की पहचान के निर्देश दिए हैं जहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए और नाके बनाए जा सकते हैं। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार शर्मा ने आधार शिविर, आश्रय स्थलों, यात्रा मार्ग और पार्किंग क्षेत्रों में और उसके आसपास विभिन्न पुलिस व अर्द्धसैन्य तैनाती के सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस अधिकारियों से यह कहा।

### अमरनाथ यात्रा

#### चिनार कोर कमांडर ने की घाटी में सुरक्षा की समीक्षा

**श्रीनगर।** सेना की चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव ने बुधवार को कश्मीर घाटी में सुरक्षा और सैनिकों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। ये समीक्षा अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से दो सप्ताह पहले हुई है। श्रीनगर स्थित इस रणनीतिक कोर ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट इसकी जानकारी दी है।

## कक्षा निर्माण घोटाला: दिल्ली में कई स्थानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान दिल्ली के स्कूलों में कथित कक्षा निर्माण 'घोटाले' की धन शोधन जांच के तहत बुधवार को यहां कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय एजेंसी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने इस मामले से जुड़े ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के 37 परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज शिकायत में आप नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गईं। ईडी के मामले में वे ही आरोपी हैं।

● एजेंसी ने एसीबी की प्राथमिकी पर पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला किया दर्ज

## विदेश में नौकरी से जुड़ी धोखाधड़ी में निजी कंपनी के 3 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने विदेश में नौकरियों से जुड़ी धोखाधड़ी और मानव तस्करी में संलिप्त निजी कंपनी के तीन अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगोलपुरी इलाके से संचालित इंडो किर्गिज ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने किर्गिजस्तान में आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर 500 से अधिक भारतीयों के साथ कथित तौर पर ठगी की है।

उन्होंने बताया कि इस गिरोह ने पीड़ितों से 4.62 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की तथा उनमें से कई को विदेश में प्रताड़ना और शोषण के लिए मजबूर किया। कंपनी का निदेशक और मुख्य आरोपी महावीर सिंह फरार है, जबकि पुलिस ने उसके बेटे साहिल नरवाल, वित्त प्रबंधक अतुल माथुर और मानव संसाधन प्रबंधक कमल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने इसकी जानकारी दी।

### अमन और आशा



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से पर्यटन को बढ़ावा देने की उम्मीद और शांति बने रहने की आशा को लेकर डल झील पर विशेष शिकारा रैली आयोजित हुई। इसमें शिकारा चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। एजेंसी

## इंदौर पहुंची मेघालय पुलिस सोनम के घरवालों से पूछताछ

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

● सोनम के बर्ताव को लेकर पुलिस दल ने की सामान्य पूछताछ

बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की कड़ियां जोड़ने को मेघालय पुलिस का दल बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम के इंदौर स्थित घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ की।

चश्मदीदों ने बताया कि मेघालय पुलिस का दल शहर के गोविंद नगर खारचा इलाके में सोनम के घर पहुंचा, जिसके बाद इस घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। मेघालय पुलिस का दल दो घंटे तक सोनम के मायके में रहा। मेघालय पुलिस के निकलने के बाद सोनम का भाई गोविंद कार लेकर चला गया।गोविंद ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उनसे और उनके परिजनों से सोनम के बर्ताव को लेकर सामान्य पूछताछ की। राजा रघुवंशी हत्याकांड से पहले किसी संजय वर्मा से सोनम की फोन पर कई बार लंबी बातचीत की खबरों पर गोविंद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं है।

## एअर इंडिया ने तकनीकी कारणों से तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** एअर इंडिया ने रखरखाव और तकनीकी समस्याओं सहित कई कारणों से बुधवार को अपनी तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि इनमें से दो उड़ानें यात्रियों के विमान में सवार होने के बाद रद्द कर दी गईं।

एअर इंडिया ने बताया कि उसे 18 जून की टोरंटो-दिल्ली उड़ान एआई188 रखरखाव तथा चालक दल की ड्यूटी समय सीमा विनियामक मानदंडों से अधिक होने से रद्द करना पड़ा। जो यात्री पहले ही विमान में सवार हो चुके थे, उन्हें उड़ान रद्द होने के बाद नीचे उतार दिया गया। दुबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया और यात्रियों को विमान में सवार होने के बाद उतार दिया गया। दिल्ली से बाली जाने वाली उड़ान को रद्द कर दिया गया, क्योंकि गंतव्य बाली के निकट ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण इसे बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटने की सलाह दी गई थी।

## महाराष्ट्र में कक्षा पांच तक हिंदी बनी तीसरी भाषा

**मुंबई/पुणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी कर राज्य में अंग्रेजी और मराठी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा एक से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी को सामान्य रूप से तीसरी भाषा बनाया है, लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया है।

हिंदी पर ताजा आदेश से पैदा हुए विवाद तथा कांग्रेस और मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने विवाद को अनावश्यक बताया। मंगलवार को जारी संशोधित सरकारी आदेश (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं।

कुछ मराठी भाषा समर्थकों ने जहां सरकार पर शुरू में पीछे हटने के बाद अनिवार्य हिंदी नीति को पिछले दरवाजे से पुनः लागू करने का आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस ने फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में जीआर जारी किया। जीआर के अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं, उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में, उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

● राज्य सरकार ने अंग्रेजी-मराठी माध्यम के विद्यालयों को दिया आदेश, लेकिन हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।


भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। ● एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने पीटीआई से कहा इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा।

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली श्रृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।


लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

# पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

लीड्स, एजेंसी

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।


भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। ● एजेंसी

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले। यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग



के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।

## बीसीसीआई की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी :** मुंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली बीसीसीआई की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है।

# भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

लीड्स, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस


इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। ● एजेंसी

वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।



कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

# पाकिस्तान के खिलाफ अभियान शुरु करेगी भारतीय टीम

● महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

दुबई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड


भारतीय महिला क्रिकेट टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जून को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

## एक नजर

### दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।



### राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

### इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

**पासाडेना (अमेरिका) :** इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

### शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला के हराया

**मुंबई :** जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**स्वागत**



जी 7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शानदार स्वागत किया गया। क्रोएशिया में उनकी यह पहली यात्रा होने के साथ तीन देशों के दौरे का अंतिम चरण भी है। जाग्रेब में उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। एजेंसी

## करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण
# दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।



### चीन-जापान युद्धः 4 करोड़ हत्याएं

7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

### नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई

फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

### त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत

सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

### द्वितीय विश्व युद्धः 7 करोड़ लोगों की मौत

द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

### प्रथम विश्व युद्धः डेढ़ करोड़ जानें गई

प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया-हंगरी के राजकुमार अर्चड्युक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया-हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

# ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

## खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।



इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

### तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत

इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

### ईरान ने दागी 400 मिसाइलें

ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

### संघर्ष में हिस्सा लेने पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान और उसके परमाणु प्रतिष्ठानों के खिलाफ इजराइली अभियान में अमेरिका की संभावित भागीदारी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के परमाणु ढांचे, विशेष रूप से फोर्डो में भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर हमला करने संबंधी अभियान पर ट्रंप गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### रूस, यूएई का तत्काल संघर्ष खत्म करने का आह्वान

**मॉस्को।** रूस और संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को तत्काल समाप्त करने तथा तेहरान के परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के मुताबिक, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ टेलीफोन पर बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा की। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इजराइल और ईरान के बीच मध्यस्थता करने को तैयार है।

### ईरान में फंसे लोगों के लिए लद्दाख में नियंत्रण कक्ष

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकारियों ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे छात्रों और अन्य लोगों के परिवारों की सहायता के लिए बुधवार को यहां एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने की घोषणा की। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, जिला प्रशासन ने उपायुक्त कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। 24 घंटे संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# जी 7: ट्रंप के लौटने के बाद अहम मुद्दों पर नहीं हो सका फैसला

**कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी**




- शीर्ष मुद्दों पर चर्चा लेकिन समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहे नेता

जी-7 के छह नेताओं ने यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-ईरान संघर्ष पर चर्चा की लेकिन वे इस संबंध में और कई अन्य शीर्ष मुद्दों पर अहम समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहे। शिखर सम्मेलन में यह दिखाने की कोशिश की गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मेलन से जल्दी विदा लेने के बावजूद विश्व के अमीर देशों के नेता वैश्विक नीति को आकार दे सकते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ जो इस बात की पुष्टि करे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली तथा जापान के उनके समकक्ष मंगलवार को सम्मेलन के अंतिम सत्र में शामिल हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो प्रमुख मार्क रुट ने भी शिरकत की। जेलेंस्की ने कहा, हमें सहयोगी देशों के समर्थन की जरूरत है और इसलिए मैं यहां आया हूं। हम शांति समझौतों, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन इसके लिए हमें दबाव बनाने की जरूरत है। सम्मेलन में शामिल हुए बाकी नेताओं ने ऐसी गैर-बाजार नीतियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमति जताई जो महत्वपूर्ण खनिजों तथा वैश्विक पहुंच को खतरे में डाल सकती हैं। उन्होंने नौकरियों और पर्यावरण पर कृत्रिम मेधा (एआई) के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने का भी संकल्प लिया लेकिन साथ ही प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति की क्षमता को भी अपनाने पर जोर दिया।

### निज्जर मामले पर कार्नी ने की मोदी से बात

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उन्हें खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कार्नी से पूछा गया था कि क्या उन्होंने सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या के बारे में बात की थी। इस सवाल के जवाब में कार्नी ने कहा, हमने इस बारे में चर्चा की।

## एक नजर

### एक्सियोम मिशनः अब 22 को भेजा जा सकता है दल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

### काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

# विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

- जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

## तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि जयराम को 16 जून को गिरफ्तार किया गया था लेकिन शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के बाद अगले दिन शाम करीब पांच बजे उन्हें रिहा किया गया। रिहा करने के बावजूद पुलिस अधिकारी को निलंबित रखा गया और कहा गया कि हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निर्देश पारित किया है।

# जनरल मुनीर के साथ लंच करेंगे ट्रंप

- इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। इस संबंध में व्हाइट हाउस की ओर से सूचना जारी की गई है।

सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे भोजन का कार्यक्रम है। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के कनैनिस्किस की अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद में अधिकारी मुनीर को व्हाइट हाउस का निमंत्रण मिलने को एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। फील्ड मार्शल मुनीर ने अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत से क्षेत्रीय आधिपत्य थोपने का प्रयास करने के बजाये पाकिस्तान के साथ 'एक सभ्य राष्ट्र की तरह' व्यवहार करने का आग्रह किया। मुनीर को पिछले महीने पाकिस्तान सरकार ने फील्ड मार्शल रैंक पर पदोन्नत किया था।

### प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात करने के बाद ट्रंप ने फिर कहा- भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवाया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत करने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी को शानदार व्यक्ति बताया। कहा, मैंने युद्ध रुकवाया है, मैं पाकिस्तान को पसंद करता हूं। मोदी से मैंने कल रात बात की। हम भारत के मोदी के साथ व्यापार समझौता करने जा रहे हैं। ट्रंप से पूछा गया कि पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर के साथ बैठक से वह कूटनीतिक रूप से क्या हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। ट्रंप ने मुनीर का जिक्र करते हुए कहा, पाकिस्तान की ओर से युद्ध रोकने में इस व्यक्ति का बहुत प्रभाव था।

# सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुशील शुक्ला



पार्वती तिर्की

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है।

हिंदी में शुक्ल को कहानी एक बटे बारह के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को कहानी दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड, उर्दू में लेख कौमी सितारे को गज़नफर इकबाल, मैथिली में मुन्नी कामत को कहानी चुक्का के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को कहानी एखोनो गाये कांटा देय, गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को कविता टिंचक, मराठी में सुरेश सावंत को कविता आभालमाया और पंजाबी में अमृत पाल सिंह को उपन्यास जादू पत्ता के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।

**बड़ी उपलब्धि** ब्रिटेन की टी 4 एजुकेशन संस्था ने समाज में व्यापक योगदान देने वाले टॉप टेन स्कूलों की सूची की जारी

# वाराणसी के डीपीएस समेत देश के 4 स्कूल विश्व में सर्वश्रेष्ठ

## हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक का भी एक-एक स्कूल सूची में शामिल

**लंदन, एजेंसी**

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।




फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

### बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।